मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि किसानों के संबंध में आप भी चिन्ता कीजिए, सदन तो बराबर चिन्ता करता है। हम प्रधानमंत्री जी को खासकर बधाई देना चाहते हैं क्योंकि प्रधान मंत्री जी ने गांव की खुशहाली के लिए, गांव के विकास के लिए काफी चिन्ता की है और उन्होंने प्रति वाीर् 2500 करोड़ रुपये गांव में सड़कों के निर्माण हेतु देने की घोाणा की है, वायदा किया है। इसके साथ-साथ मैं एक निवेदन और करना चाहूंगा कि इस रुपये को खर्च करने के लिए कोई स्पट मार्गदर्शन भी होना चाहिए। पूरे बिहार और देश की बात तो हम नहीं जानते लेकिन हम छपरा में जहां डी.आर.डी की बैठक कलैक्टर, जो एक महिला हैं, ने बुलाई थी, हम भी गये थे। हमसे उस बैठक में कहा गया कि आप इस संबंध में जो भी सूची देना चाहें, वे दे दें। हमने वह सूची दे दी थी। वहां विधायक भी बैठे हुए थे। लेकिन भारत सरकार की तरफ से जो सूची भेजी गयी है, छपरा की सूची की एक कापी हमारे पास है। हमसे जो सूची मांगी गयी थी, राजो बाबू, उसका कहीं जिक्र नहीं है। वह सारी सूची लापता हो गई है। यह एक अलग से सूची है। यह कहां की सूची है और किसने दी है, इसके बारे में हमें मालूम नहीं है लेकिन यह दिल्ली आई हुई है। हम चाहेंगे कि केन्द्र सरकार वहां जो रुपया देती है, उसको खर्च करने के लिए एक स्पट दिशा-निर्देश होना चाहिए। हम चाहेंगे कि एक मास्टर प्लान हर प्रांत से मंगवा लें और मास्टर प्लान आने के बाद उसमें जो नाम है, उसी में से सांसदों की प्राथमिकता लेकर उन पथों का निर्माण करायें, वह ज्यादा अच्छा होगा।

जहां तक खाद या सार्वजनिक वितरण की बात है, सरकार ने उसमें अपनी तरफ से बहुत कुछ देने का वायदा किया है, लेकिन जो वितरण प्रणाली है, उसमें आप केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के बीच समन्वय स्थापित करें। जब तक वितरण प्रणाली में सुधार नहीं किया जायेगा, जब तक उसका लाभ गांव के उन लोगों तक नहीं पहुंचेगा जिन्हें देने के लिए सरकार की यह नीति है। यह वितरण प्रणाली बहुत त्रृटिपूर्ण है। जो सामान आज आप गरीब लोगों के लिए आप भेजते हैं, जिनको आप लाभान्वित करना चाहते हैं, उन तक यह पहुंच ही नहीं पाता--यह सच्चाई है। यहां भााण देने के लिए सब कहते हैं कि हम इतने प्रतिशत लोगों को दे रहे हैं। वितरण प्रणाली के सुधार में आपकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण नहीं होती क्योंकि राज्यों में राज्य सरकार की भूमिका होती है। जब तक आप राज्य सरकारों से को-आर्डिनेशन बनाकर उस पर नियंत्रण करने के लिए दवाब नहीं बनायेंगे तब तक जिन लोगों को आप लाभ देना चाहते हैं, उनको लाभ नहीं मिल पायेगा। इसलिए हम आपके माध्यम से चाहेंगे कि वहां एक को-आर्डिनेशन कमेटी बनाकर यह काम होना चाहिए।

यहां यह भी जिक्र किया गया कि संचार के मामले में हम बहुत प्रगति कर रहे हैं और कर भी रहे हैं--इसमे कोई दो मत नहीं है। अखबारों में संचार मंत्री के काफी बयान पढ़ने को मिलते हैं लेकिन गांवों में टेलीफोन की व्यवस्था बहुत चौपट है। वहां पहले जैसा काम चल रहा था, उससे भी ज्यादा गड़बड़ चल रही है। गांव के लोगों को दूर संचार सेवा से लाभ दिलाने के लिए वहां नये-नये एक्सचेंज खुल रहे हैं। उन् एक्सचेंजों में मशीन तो लग गयी है लेकिन वहां कर्मचारी नहीं हैं।

लेकिन वहां कर्मचारी नहीं हैं। हमने एक दिन संचार मंत्री जी से कहा था कि आप एक्सचेंज खुलवा रहे हैं, जब कर्मचारी नहीं रहेगा तो उसे कौन ऑपरेट करेगा और वह मशीन कहां से ठीक रहेगी। वे कहते हैं कि वित्त मंत्री जी कहते हैं कि बहाली नहीं करनी है। जब बहाली नहीं करनी है तो नए एक्सचेंज खोल कर सरकारी धन बर्बाद करने की क्या जरूरत है। इसलिए हम चाहेंगे कि यदि आप दूरसंचार को गांवों और शहरों से जोड़ना चाहते हैं, आप चाहते हैं कि जिस तरह शहरों के लोगों को संचार के मामले में सुविधा मिली हुई है, उसी तरह गांवों के लोग भी उससे लाभान्वित हो सकें, गांवों के लोगों को उसका लाभ मिल सके तो आपको उसी नीति से, जिस तरह एक्सचेंज का विस्तार कर रहे हैं, उसी ढंग से कर्मचारियों की भी बढ़ोत्तरी करनी पड़ेगी, नियुक्ति करनी पड़ेगी। इस विधेयक के बहुत से कर्मचारी जो काम करने वाले थे, उनको छांट-छांट कर न हटाइए, उनको रख कर कम से कम जब तक वह चालू नहीं करेंगे, गावों के लोगों को उसका लाभ नहीं मिल सकेगा।

एक सवाल और कहना चाहते हैं। टेलीविजन के संबंध में लिखा गया है कि वह जम्मू कश्मीर में 24 घंटे उपलब्ध रहे, लोग उसका लाभ उठाएं, इसके लिए उन्होंने बहुत प्रयास किया है। यह बहुत अच्छा काम है, टेलीविजन से शिक्षा भी मिलती है लेकिन एक बात हम कहेंगे कि टेलीविजन पर जिस तरह महिलाओं का अंग प्रदर्शन किया जा रहा है, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि आपकी यह नीति चलती रही तो शहरों पर असर पड़े या नहीं, गांवों को बहुत नुकसान हो रहा है। पश्चिमी सभ्यता से शहर तो पहले से ही प्रभावित हो चुके थे, अब गांव भी प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए हम आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहेंगे कि कम से कम टेलीविजन पर महिलाओं के अंग प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाया जाए ताकि भारत की संस्कृति पर कहीं से विपरीत प्रभाव नहीं पड़ सके।

एक बात कह कर अपना भााण समाप्त करेंगे क्योंकि हमें ट्रेन पकड़नी है। राजमार्ग के संबंध में कहना चाहते हैं कि केन्द्र से नए राजमार्गों

की बहुत स्वीकृति हुई है। जब नीतीश कुमार जी इस विभाग के मंत्री थे, उस समय भी स्वीकृति हुई थी। लेकिन अभी तक सिर्फ कागजों में स्वीकृति हुई है, हम देख रहे हैं कि कहीं पैसे और निधि का आवंटन नहीं हुआ है। किताब में भी बहुत कुछ लिखा गया है कि हम यह करने जा रहे हैं, वह करने जा रहे हैं। करने जा रहे हैं तो जब पैसा जाएगा तब वह होगा। हम केन्द्र सरकार से कहेंगे कि कागजों में जो लिखा हुआ है, उसके अनुसार कम से कम जिन पथों की अधिसूचना जारी कर दी है, उस पर पैसा दिया जाए ताकि पथ का निर्माण हो सके।

इन्हीं शब्दों के साथ हम राट्रपति जी के अभिभााण पर राट्रपति जी को तो धन्यवाद देते हें साथ ही केन्द्र सरकार को भी बधाई देते हैं और उम्मीद करते हैं कि जिस ढंग से उन्होंने लिखा है, वे उसमें खरे उतरेंगे, सिर्फ कागजों तक सिमट कर नहीं रहेंगे, गांवों के विकास में अपनी रूचि दिखाएंगे और गांवों के लोगों को खुशहाल करने में अपनी भूमिका का निर्वाह करेंगे।

श्री मुलायम सिंह यादव : सभापति महोदय, महामहिम राट्रपति का अभिभााण मंत्रिमंडल का और सरकार की नीतियों का एक दस्तावेज होता है। हम कहेगें कि यह संवैधानिक मजबूरी थी इसलिए राट्रपति जी से इस सरकार ने असत्य भााण दिलवाया है। पूरी घोाणा असत्य का पुलिन्दा है। वह मैं बाद में बताऊंगा, बहुत से ऐसे सवाल थे, जिनको इस भााण में आना चाहिए था। राट्रपति जी ने अपने अभिभााण में कहा है कि विकास दर का 9 % का लक्ष्य रखा गया है । यह पूरा का पूरा सत्य है। वार्ों से लेकर छः प्रतिशत से विकास दर सात तक पहुंची है, लेकिन नौ प्रतिशत किसी कीमत पर नहीं पहुंचेगी। फिर अभिभााण में राट्रपति जी के द्वारा आखिर यह असत्य क्यों कहलवाया गया है। सच्चाई है कि इस अभिभााण में कोई दिशा नहीं है, यह सरकार दिशाहीन है। इस सरकार में सामूहिक जिम्मेदारी के साथ घटक नहीं चल सकते हैं। सुबह जब मैंने सवाल किया तो सवाल का उत्तर ही नहीं मिला। जब सरकार दिशाहीन हो, उससे अभिभााण में दिशा मिलने, प्र ेरणा मिलने की हम उम्मीद नहीं कर सकते, देश की जनता उम्मीद नहीं कर सकती। यह पूरी की पूरी दिशाहीन सरकार है, अगर कहा जाये तो बुरा लगेगा कि दिशाहीन ही नहीं, भ्रटाचार की प्रतीक यह सरकार है। जो सरकार दिशाहीन और भ्रट हो, उससे प्रेरणा या दिशा देश को कभी नहीं मिल सकती है और इसीलिए हम आपके सामने यह कहना चाहते हैं कि यह जो विकास दर है या इस सरकार के तारीफ के पुलिन्दे हैं, नीतियों के पुलिन्दे हैं, अभी प्रभुनाथ सिंह जी रेल पकड़ने चले गये, वे बड़ी तारीफ कर रहे थे कि गांवों के लिए बड़ा भारी काम हो रहा है, लेकिन यह प्रधान मंत्री के मंत्रालय के आधार पर है और वित्त मंत्रालय के आधार पर कह सकते हैं। लेकिन मंत्रालय के अधिकारियों, आर्थिक विशोज्ञों और इसी देश के उद्योगपतियों ने स्पट कहा है कि इस बजट में देश का न कोई विकास होने वाला है, न ि वकास दर नौ फीसदी होने वाली है। यह अखबारों के माध्यम से आ गया है और पूरा देश यह जानता है।

दूसरी तरफ, आज इसी में देखेंगे और हम खुलकर कहेंगे कि यह आर्थिक सुधार नहीं है, यह देश की आर्थिक गुलामी है। दस साल के अन्दर उदार आर्थिक नीति के चलते हिन्दुस्तान पर आठ गुना कर्जा बढ़ गया है। 26 करोड़ लोग और गरीबी की रेखा के नीचे चले गये हैं और छोटे-छोटे उद्योग धंधों में लगे

एक करोड़ लोग बेरोजगार हो गये हैं और देश के अन्दर इस उदार आर्थिक नीति के कारण गरीब-मजदूर-किसान बेमौत मरने के लिए खड़े हैं, इसलिए हम कह सकते हैं कि यह उदार नीति नहीं, यह देश की आर्थिक गुलामी है। इस आर्थिक गुलामी के सहारे राजनैतिक गुलामी हिन्दुस्तान के अन्दर नजदीक आ रही है।

अभी विश्व व्यापार संगठन के बारे में हमारी स्पट राय है, मैंने इस सवाल के अवसर पर भी पूछा था और आज भी कहना चाहता हूं कि जो राट्रपति जी ने कहा कि इन नीतियों को बहुत दिन हो गये, इसकी पुनः समीक्षा हो जानी चाहिए। उन्होंने गरीबों के लिए, पिछड़ों के लिए और दलितों के लिए कुछ कहा है, उसको लेकर अभिभााण की टिप्पणी सत्ता पक्ष के लोग कर रहे हैं, क्योंकि मुझे लगता है कि वह उन्होंने अपनी मर्जी से कुछ जोड़ दिया है, कुछ पंक्तियां उन्होंने जोड़ दी है। इसकी वजह से महामहिम राट्रपति जी की आलोचना भी सत्ता पक्ष में बैठे लोगों ने की है और कर रहे हैं। यह अच्छा नहीं है, अनुचित है। राट्रपति जी कम से कम एक निर्देश दे सकते हैं, आप मानें या न मानें, वह अलग बात है, इसलिए विश्व व्यापार संगठन पर आज हम कहना चाहते हैं कि इससे खेती की बर्बादी, उद्योगों की बर्बादी हो रही है। रोजाना यहां पर उधर बैठे हुए माननीय सदस्य इस सदन में बोल रहे हैं। खुराना साहब बार-बार बोल रहे हैं। मौका आता है तो प्रधान मंत्री के डर की वजह से भाग जाते हैं। जब उस दिन मौका आया तो भाग गये। हम भी बोल रहे थे, चन्द्रशेखर जी भी बोल रहे थे, सोमनाथ चटर्जी जी बोल रहे थे,

तब खुराना साहब को पता चला कि यहां यमुना पार के लघु उद्योगों के बारे में बहस हो रही है, उन्होंने झांका और देखा कि प्रधान मंत्री जी बैठे हैं, बोलना पड़ेगा, इससे वे नाराज हो जाएंगे इसलिए वे बाहर से ही चले गए। शायद इस लालच में होंगे कि मंत्री बन जाएं। अभी प्र ाभुनाथ सिंह जी बोलकर गए हैं, उनकी रेल छूटने वाली है। उन्हें गांव होली के अवसर पर जाना है। मुझे भी जाना है। मैंने कहा था कि इस बहस को आगे के लिए टाल दिया जाए और आज कुछ और काम कर लें। हम उसके लिए तैयार थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आप देखें कि हमारा कोई सदस्य नहीं है। कांग्रेस इतनी बड़ी पार्टी है, उसके भी सात-आठ ही सदस्य बैठे हैं। इससे इस बहस का कोई औचित्य नहीं है। थोड़ा समय निकाला जा सकता था। उत्तर प्रदेश राज्य बहुत बड़ा है, वहां ब्लाक स्तर के चुनाव होने जा रहे हैं। उनको छोड़कर हमारे सदस्य यहां नहीं आ सकते, लेकिन हमारा ख्याल नहीं रखा गया। इसीलिए हमने कहा था कि आज बैठक नहीं होनी चाहिए।

सभापति महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि देश में जो बेरोजगारी बढ़ रही है उसको दूर करने का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। अभी प्र ाधान मंत्री जी ने एक खतरनाक बयान दिया है, जिसका उल्लेख बजट भााण में भी आया है कि केन्द्र सरकार के कर्मचारियों में दस फीसदी की छंटनी प्रतिवर्ा होगी। छंटनी के बाद उनको कहां लगाया जाए, इसका प्रावधान नहीं किया गया है। अगर यही सिलसिला चला, वैसे ऐसा नहीं होना है, लेकिन अगर यह सरकार दस साल रह गई तो 15-20 साल में तो कोई राज्य कर्मचारी ही नहीं रहेगा। विदेशी कम्पनीज के लोग भरे होंगे और देश में बेरोजगारी का बोझ बहुत बढ़ जाएगा। इसलिए इस बात से हम सरकार को चेतावनी देना चाहते हैं, क्योंकि इससे नए उग्रवाद की बुनियाद पड़ेगी, जिसको नियंत्रण करना मुश्किल होगा। इससे हमें लगता है कि आपकी नीतियां क्या हैं। आप विनिवेश कर रहे हैं, यह विनिवेश नहीं, देश की सम्पत्ति की नीलामी है। मैं अफसोस के साथ कहना चाहता हूं यह पहली सरकार है हिन्दुस्तान के अंदर जो देश की अचल सम्पत्ति को बेच रही है। चाहे फास्ट फूड के नाम पर हिन्दुस्तान लीवर को सब जानते हैं कि उसकी केवल सम्पत्ति ही 500 करोड़ रुपए की है। अगर थोड़ा सा ध्यान दिया जाता तो 125 करोड़ रुपए और बढ़ सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं किया गया उसे 125 करोड़ रुपए में बेचा गया।

सदन में बाल्को पर काफी चर्चा हुई। उसके एक हिस्से की ही कीमत 1300 करोड़ रुपए है। सब मिलाकर 4000 से 5000 करोड़ रुपए के लगभग उसकी सम्पत्ति होगी। बीमा निगम दुनिया का सबस् अच्छा निगम है। यह मुनाफे का निगम है, भ्रटाचार का इस पर दाग नहीं लगा।

कुछ धन्नासेठ, बड़े लोगों के चंगुल से निकालकर यह बीमा कम्पनी गांवों में पहुंची थी। इसमें 50 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा गांव के लोगों का है। उसको भी इस सरकार ने बेच दिया। यह सरकार लाभ वाले संस्थान बेच रही है, देश की नीलामी हो रही है। जितने भी सार्वजनिक निगम या सार्वजनिक संस्थान घाटे में चल रहे हैं, उनको नहीं बेच रही, क्योंकि उनको खरीदने वाला कोई नहीं है इसलिए मुनाफे के सरकारी संस्थान बेच रही है। इसलिए बेच रही है कि इनका बजट घाटे का है। राज्य सरकारें भी इतनी उत्साहित हैं, सोचती हैं कि विनिवेश हो जाए तो अपने बजट में प्रावधान करके घाटे का बजट पूरा कर दिया जाए। आप बताएं पिछले दस साल में कितना विकास हुआ है और इसका आम गरीब जनता को कितना लाभ पहुंचा है ?

हम अब भी सदन के माध्यम से सरकार से अपील कर रहे हैं कि विश्व व्यापार संगठन से सबसे पहले खेती को निकाल दिया जाए। प्रा वधान है कि छः महीने का नोटिस देकर निकाला जा सकता है । देश को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए, देश को स्वावलम्बी बनाने के लिए मजबूती से काम करना पड़ेगा, कदम उठाना पड़ेगा और कदम उठा रहे हैं।

इराक का उदाहरण मैं सदन के अंदर पेश कर रहा हूं। वहां दवा नहीं है, सुई नहीं है, मामूली कलम नहीं है लेकिन अपने देश के सम्मान के लिए साम्राज्यवादी पूंजीवादी देश के सामने झुक नहीं रहा है। ये हर जगह घुटने टेंक रहे हैं। हमारे पूर्वजों की सम्पत्ति को किस तरह से बेचा जा रहा है। अरबों और खरबों की सम्पत्ति लगाकर इन संस्थानों को खड़ा किया गया था। वर्षों-वर्षों तक खड़ा किया था। विनिवेश कितना हुआ है? विनिवेश दस साल से हुआ है तो कहां गया? इसके बारे में हाउस में बताना चाहिए और इसलिए बताना चाहिए कि राष्ट्रपति महोदय के भाषण में आर्थिक उदारवादी नीति को कम से कम लाना चाहिए था। सरकार ने घाटे का कौन सा संस्थान बेचा है? सब लाभ के बेच रहे हैं। घाटे के संस्थान कोई खरीदने वाला नहीं है और फिर जितना लक्ष्य था, क्या उतना विनिवेश हुआ है? मेरी जानकारी में 10 साल के अंदर केवल 41 फीसदी विनिवेश हुआ है। हमारे देश के जितने गरीब हैं, जितने कर्मचारी हैं, वे सब उदासीन हो रहे हैं। हमारी खेती का उत्पादन घटता जा रहा है। हमारी कृषि बर्बाद हो रही है, इसीलिए यह विनिवेश नहीं है। यह देश की सम्पत्ति की नीलामी का ही सबसे बड़ा तरीका सरकार का है और सरकार कर रही है। आज आप देखेंगे कि हमारी दवाईयों के उद्योग, दवाईयों से लेकर बीमा कंपनी का मैंने बता ही दिया है, ये सारे विदेशियों के हाथों में जा रहे हैं जिसका परिणाम होगा कि कोई भी गरीब इतनी मंहगी दवा खरीदकर अपनी बीमारी का इलाज नहीं कर सकता। हम लोग भी अपनी दवा करते हैं। अभी पीछे हमारा गला खराब हो गया था तो मैंने सोचा था कि यहीं पास की दुकान से दवा मंगा लेते हैं और 250-300 रुपये की दवा आ जाएगी। पता चला कि 95 रुपये का एक कैप्सूल है। मैं सच कह रहा हूं। मैं नहीं समझता था कि दवा इतनी महंगी आएगी।

इस सरकार ने हल्दी को पेटेंट करा दिया। हल्दी बहुत अच्छी एंटी-बॉयटिक दवा है।

जब गांव में बच्चा पैदा होता था तो हमारी बहनें केवल हल्दी का ही हलवा खाकर अपने बुखार वगैरह का उपचार कर लेती थी। आखिर क्या मजबूरी है, कौन मजबूर कर रहा है हल्दी को पेटेंट किये जाने में ? उत्तर में आना चहिए कि आखिर क्या मजबूरी थी कि आपने बासमती चावल कैसे पेटेंट करा दिया? नीम तो किसी तरह से बच गया। देश की अचल संपति को बेचने का इस सरकार ने इंतजाम कर दिया है। यह आर्थिक गुलामी नहीं होगी बल्कि राजनैतिक गुलामी इसी के सहारे आएगी और आती रही है। इसी तरह से ईस्ट इंडिया कंपनी ने हमारे देश को गुलाम किया था। हम लोग बार-बार इस बात को दोहराते रहे हैं कि देश को बचाना होगा और देश को बचाने के लिए हम लोग खड़े हैं। अब सबसे बड़ा उपाय क्या है, बहाना क्या है कि जो भी देश में घटना हो गई, उसे आईएसआई का नाम दे दिया जाता है। हम पूछना चाहते हैं कि क्या इस बहस में प्रधान मंत्री जी हस्तक्षेप केरंगे? हम उनसे पूछना चाहेंगे कि भारत को आईएसआई चला रही है या आप चला रहे हैं? अगर कोई तोड़फोड़ हो जाती है तो कह दिया जाता है कि आईएसआई का काम है। अगर कहीं मामूली सा दंगा हो गया तो कह दिया जाता है कि आईएसआई का काम है। कहीं कोई रेल में बड़ी डकैती हो गई तो कह देते हैं कि आईएसआई का काम है। हर जगह आईएसआई कर रही है तो मैं पूछना चाहता हूं कि देश को आईएसआई चला रही है या यह सरकार चला रही है? अगर आईएसआई सारे काम कर रही है तो आप क्या कर रहे हैं, आप क्यों बैठे हैं? आपने कितने आईएसआई के लोगों को पकड़ा है? आप आईएसआई के बड़े से बड़े लोगों को हवाई जहाज में बिठाकर कांधार छोड़ आये। विदेश मंत्री उनको बिठाकर ले गये। इस सरकार ने तालिबान के सामने भी घुटने टेके। अब तालिबान का क्यों नहीं बोलते हैं? सब लोग कहां चले गये जो कहते थे कि हम बोलेंगे। जब तालिबान के सामने घुटने टेंक चुके तो आपको पता चल गया।

सभापति महोदय, तालिबान बौद्ध मूर्तियों को नष्ट कर रहा है । हिन्दुस्तान में जितनी भी सरकारें आई हैं, उनमें सबसे ज्यादा यह कमजोर सरकार है । इतनी कमजोर सरकार आजतक हिन्दुस्तान में नहीं आई । यह हम नहीं कहेंगे, हमारी उम्र कम है और प्रधान मंत्री जी के लिए हम और भी शब्द इस्तेमाल कर सकते थे। हम चाहेंगे, चन्द्रशेखर जी आप कह सकते हैं । आपके साथी हैं और आप कभी-कभी उनको गुरू भी मानते हैं । उनकी और आपकी उम्र में थोड़ा ही अन्तर है । आप कह सकते हैं कि प्रधान मंत्री जी इतने कमजोर क्यों हैं और क्या निर्णय लेते हैं तथा आप उनको क्या सलाह देते हैं । देश को आप आईएसआई के नाम पर खड़ा करना चाहते हैं । हम युद्ध विराम के पक्षधर हैं और हमने इसका समर्थन किया है। आज सुबह बार-बार यह प्रश्न आया था, इसलिए मैं बोल रहा हूं । हम युद्धविराम के पक्षधर हैं । महोदय, जब बंगलादेश नहीं बना था, तब भी हमने कहा था कि हिन्दुस्तान और पाकिस्तान का एका होना चाहिए । यह नकली बंटवारा है । अगर एका नहीं हो सकता है, तो ढीलेढाले महासंघ में अच्छ रिश्ते हों । हम फिर कहना चाहते हैं कि हम युद्ध विराम के पक्षधर हैं, लेकिन देश के निर्दोष नागरिकों और सैनिकों की लगातार हत्याओं की कीमत पर नहीं। जब निर्दोष नागरिकों की हत्यायें होंगी और फौज के लोगों की हत्यायें होंगी, तो उनकी कीमत पर हम युद्धविराम के पक्ष में नहीं हैं। निर्दोष नागरिक मरते जायें और फौज मारी जाती रहे, फौजियों के कैम्प पर हमले होते रहें, तो इस कीमत पर हम युद्धविराम के पक्ष में नहीं हैं। हम शान्ति के पक्षधर हैं । पाकिस्तान से दोस्ती हो जाए, वह हमारा पड़ोसी देश है, हम उनसे दोस्ती चाहते हैं। बंगलादेश से भी दोस्ती चाहते हैं। हम चाहते हैं कि तीनों देशों का हित या खुशहाली इसमें है कि तीनों देशों में दोस्ती हो, लेकिन निर्दोष लोगों और फौजियों के कैम्प पर हमला करके युद्धविराम के पक्ष में नहीं है । क्या 5 लाख सैनिक और मरवा देंगे तब युद्ध विराम करेंगे । युद्धविराम कब तक रखना है, इस बारे में आप सोचिए । आप बड़े देशभक्त थे, पाकिस्तान के विरोधी थे और अगर हमने पाकिस्तान को आर्थिक मदद के लिये कह दिया, तो हमें पाकिस्तानी एजेंट करार कर दिया था। हम पाकिस्तान के एजेंट नहीं है । हमने बम्बई में कहा था कि पाकिस्तान हम से आर्थिक दृष्टि से कमजोर है, पाकिस्तान दूसरे देश के हाथ में चला जाएगा। हमने यह भी कहा था कि हम पाकिस्तान को मदद देना चाहें, तो वह मदद के लिए इन्कार कर सकता है, लेकिन पाकिस्तान की जनता स्वीकार करेगी कि मुसीबत में, गरीबी में, हिन्दुस्तान हमारा साथी है। एक वातावरण बनाने के लिए कहा था। यह सही है, कुर्सी पर बैठे हुए लोग हिन्दुस्तान और पाकिस्तान की दोस्ती नहीं होने देंगे, क्योंकि उनको अपनी कुर्सी बचाने की चिन्ता है। चाहे हिन्दुस्तान में अटल जी की सरकार हो, जो भी गठबन्धन कर रहे हैं, अपनी कुर्सी को बचाने के लिए कर रहे हैं । पाकिस्तान में चाहे परवेज मुशर्रफ हों, वे भी पूरे के पूरे हिन्दुस्तान के हिन्दुओं को गाली देने में लगे हुए हैं, ताकि उनकी कुर्सी कायम रहे । यहां प्रधान मंत्री जी लगे हुए, ताकि उनकी कुर्सी सुरक्षित रहे । ये कुर्सी पर बैठे हुए लोग भविष्य में कभी भी हिन्दुस्तान और पाकिस्तान की दोस्ती नहीं होने देंगे ।

जहां तक भूकम्प का प्रश्न है, गुजरात भूकम्प आया, सारी दुनिया के लोगों ने मदद की । उन्होंने भी मदद की, जो हमारे दुश्मन हैं । सरकार के नेतृत्व का भी सीना चौड़ा होता है। और पाकिस्तान से दोस्ती करने का मौका भी आया था, मदद पर तत्काल उनको जवाब देना चाहिए था कि पाकिस्तान हमारा विरोधी है, उसने भी हमारी मदद की है और पाकिस्तान की जनता कभी भी इस तरह की मुसीबत में आएगी, तो हम भी दस गुना ज्यादा उनकी मदद करने के लिए खड़े हो जायेंगे। इसमें भी कोई कंजूसी करने में दिक्कत थी। अगर मुलायम सिंह कहे, तो महात्मा गांधी की रिवाल्वर तैयार रखी हुई है । सभापति जी, इस सरकार में बैठे लोगों की इस तरह की भावना है । हमने बम्बई में भााण दिया, जिससे पाकिस्तान को धनी देश के हाथों में जाने से बचाया जा सके । लेकिन उसके बाद ही पाकिस्तान से 1300 करोड़ रुपए की चीनी खरीद ली गई । चीनी किस से खरीदी, नवाज शरीफ के रिश्तेदारों की चीनी मिल से खरीदी। उनकी चीनी से ये चाय पी रहे हैं । आप कैसा वातावरण बना रहे हैं और वातावरण बनेगा कैसे? आप वातावरण बनाने की बात करते हो। आपका विश्व हिन्दू परिाद का नेता बोलता है कि पोप ने जो मदद की है, उसे वापस कर देना चाहिए। मैं पूछना चाहता हूं कि आप देश को कहां ले जाना चाहते हैं। क्या आप अंतर्राट्रीय स्तर पर बहुत बड़ा सम्मान पा रहे हैं। क्या आपका नेता यह है? इसमें कितने मोटे अक्षरों में छपा है कि पोप की भूकम्प राहत ठुकरा देनी चाहिए, सिंघल - ऐसा कहा है। हम नहीं जानते कि सिंघल कौन है।â€¦(व्यवधान)आप जानते होंगे। आप उनकी आरती करिए। हम नहीं जानते कि सिंघल कौन है। क्या यह अच्छा बयान है, क्या इसका खंडन किया? यह कहा है कि पोप ने जो मदद की है उसे वापस कर देना चाहिए। इसके पीछे मानसिकता क्या है? ये किस मानसिकता से कह रहे हैं और अगर पाकिस्तान मदद करता है तो उसकी तारीफ भी नहीं कर सकते हो - इससे वहां की जनता पर क्या असर पड़ेगा। लालबहादुर शास्त्री ने मामूली सी लड़ाई में "जय जवान, जय किसान" कह कर पूरे देश को खड़ा कर दिया था और आप इस भूकम्प में भी, करगिल में भी देश को खड़ा नहीं कर पाए। आप इसलिए खड़ा नहीं कर सके, क्योंकि आप साम्प्रदायिकता की आग पर चढ़ कर सत्ता के ऊंचे पदों पर जा सकते हो, बड़े पदों पर बैठ सकते हो लेकिन आप हिन्दुस्तान के अंदर साम्प्रदायिक सदभाव या दुनिया के अंदर साम्प्रदायिक सदभाव से कुर्सी पर बैठ कर कभी ऐसा नहीं कर सकते हो। आप सत्ता ले गए, ठीक है। साम्प्रदायिकता की आग पर चढ़ कर ले गए। इसलिए आज हम आपके सामने कहना चाहते हैं कि देश के सामने बहुत बड़ा संकट है और अब आपको इस संकट में तत्काल व्यापार संगठन से हट जाना चाहिए। किसानों को बचा लेना चाहिए और आपकी जो आर्थिक उदार नीति है, उसमें सभी को विश्वास में लेकर एक बार समीक्षा हो जानी चाहिए कि उससे देश को कितना लाभ हुआ है। कितने गांवों का विकास हुआ है।

**15.37 hrs.** (Shri K. Yerrannaidu *in the Chair)*

आप शिक्षा को महंगी करते चले जा रहे हैं, यह गरीब लोगों को पढ़ने से या शिक्षा लेने से वंचित करने का आपका पूरा ाड्यंत्र है। आप लगातार पाठ्यक्रम बदलते चले जा रहें हैं। किताबें चार गुना महंगी करते चले जा रहे हैं। आपने छात्रों की फीस कई गुना बढ़ा दी। इतिहास में और क्या-क्या लिखा जाएगा। आप इतिहास को बदलना चाहते हो। आप इतिहास को बदल कर इस देश में नफरत फैलाना चाहते हो। मुलायम सिंह जी को इतिहास में लिखवा रहे हो कि यह हिन्दू नहीं है, उसने अयोध्या में चिड़ियों की तरह हिन्दुओं को शूट किया है। ऐसा पढ़ाया जा रहा है। किताबों में यह पाठ्यक्रम जोड़ा जा रहा है। यह भााण दिए जा रहे हैं कि आप मिलजुल कर सत्ता चला रहे हो। यहां जार्ज साहब इस समय नहीं हैं। पासवान जी को पता नहीं क्या हो गया है, वे क्यों सरकार के साथ हैं। इसलिए हम आपसे प्रार्थना करना चाहते हैं कि दस साल के जो आपके तथाकथित आर्थिक सुधारों की समीक्षा की जाए। आज जो आर्थिक नीति चल रही है, उसकी समीक्षा की जानी चाहिए और सभी दलों के नेताओं को बैठा कर की जानी चाहिए। आप आम सहमति की बात करते हो और भााण में धमकी देकर जाते हो। आप धमकी कैसे देते हो? हमें बड़ा आश्चर्य हुआ, हमने पिछले सत्र में प्रधानमंत्री जी से दो बार प्रार्थना की कि क्या हो गया, आप क्यों गुस्से में हो। हम तो आपकी बात सुनना चाहते हैं। आप हाउस में ऐसा वातावरण बनाना चाहते हो- हम तो प्रधानमंत्री जी की बात को सुनना चाहते हैं। वे अच्छा बोलते हैं। मैंने उनके ललकारने को भी देखा है और आगे भी देखूंगा। सच बात कहने पर सीधे से मुस्करा कर उसका खंडन कर देना चाहिए, ऐसा लोगों ने आरोप नहीं लगाया है। इस तरह आप आम सहमति से देश कैसे चला सकते हैं। सरकार कहती है कि कश्मीर के आतंकवादी हमला नहीं करते हैं पाकिस्तान के आतंकवादी हमला करते हैं। वरिठ मंत्री जी और प्रधान मंत्री जी कह देते हैं कि पाकिस्तानी आतंकवादी हमला करते हैं, कश्मीर के लोग हमला नहीं करते हैं। अगर पाकिस्तानी आतंकवादी कश्मीर में हमला करते हैं तो क्या यह पाकिस्तान का हमला नहीं हुआ? अगर नहीं हुआ तो यह क्या है? इसको आप क्या मानते हैं? अगर आप मानते हैं कि पाकिस्तानी आतंकवादी हिंदुस्तान पर हमला करते हैं तो वह पाकिस्तान ही हमला करता है ऐसा आप क्यों नहीं मान लेते हैं।

जब एटम बम का परीक्षण हुआ था तब तो आप बड़ी चुनौती देते थे कि समय तय कर लो, तारीख तय कर लो, स्थान तय कर लो - हमारा देश एटम बम वाला देश हो गया हैं। अब आपका एटम बम कहां गया? एटम बम से क्या पाकिस्तान डर गया?

यह कहते हैं कि अंतर्राट्रीय मंच पर भारत की छवि बहुत अच्छी हो गयी है और पाकिस्तान की छवि बहुत खराब हुई है। अगर पाकिस्तान की छवि खराब हुई है तो क्या आप उसे आतंकवादी देश घोाित करा सके और अगर भारत की छवि अच्छी हुई है तो क्या आप भारत पर लगे आर्थिक प्रतिबंध हटवा सके? माननीय प्रधान मंत्री जी सुन रहे हों तो अच्छा है। आप अपनी छवि मत बनाइये। अगर आप कश्मीर की समस्या को, वहां के आम लोगों की समस्याओं को, सड़क और संचार की समस्या को अगर आप वहां की गरीबी व बेरोजगारी की समस्सुया को सुलझा लेंगे तो आपकी छवि खुद ही बन जाएगी। जिस कश्मीर के लोग जिन्ना के दो-राट्र के सिद्धांत को ठुकराकर भारत के साथ रहना स्वीकार किया था अगर उनकी नजरों में आपकी छवि बन जाएगी, उसी दिन कश्मीर की जनता आतंकवाद को समाप्त कर देगी । आप आतंकवाद को मिटाने में नहीं अपनी छवि बनाने में लगे हैं। हम चाहते हैं कि आप किसानों के दिलों में अपनी छवि बनाओ लेकिन आपको चिंता है अंतर्राट्रीय स्तर पर अपनी छवि बनाने की।

एक और भी प्रधानमंत्री ने अपनी छवि बनाई थी। जब हम विद्यार्थी थे तो चीन का आक्रमण हुआ और उनकी छवि ध्वस्त हो गयी। इसी तरह से यह भी अपनी छवि बनाने में लगे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि देश के मजदूर, किसान, छात्र और कश्मीर की जनता के दिलों में कितनी आपकी छवि है। छवि नहीं है बल्कि आपको नफरत की दृटि से देखा जाता है। सबको पता है कि आपकी कितनी छवि है, इसलिए चुनौती मत दो।

यह सही है कि पाकिस्तान अपने इरादों में सफल रहा है। उसने कहा था कि आतंकवादी प्रवेश करके कश्मीर में दबे हुए लोगों को आजाद कराना चाहते हैं। वह अपने इरादों में कामयाब है। अब आपके ऊपर है कि आप क्या फैसला लेते हैं। हमें युद्ध-विराम के नाम पर बुला लिया गया लेकिन जब हमने पूछा तो कहा कि युद्ध-विराम है ही नहीं। हमने कहा कि अब तो प्रधान मंत्री जी को बताना पड़ेगा क्योंकि हम लोगों को तो युद्ध-विराम के नाम पर बुलाया गया था। इनको बताना पड़ेगा कि युद्ध-विराम है या यह क्या है? इसके लिए इनका क्या टेक्नीकल शब्द है मैं नहीं जानता लेकिन जब यह कहते हैं कि युद्ध-विराम नहीं है तो यह क्या है? हम सभी नेताओं को तो युद्ध-विराम के नाम पर ही बुलाया गया था।

मैंने पत्रकार मित्रों से कहा कि आज से युद्ध विराम शब्द का इस्तेमाल करना बंद करें। इसके लिए दूसरा कोई टैक्निक्ल शब्द ढूंढे। यह बात साफ नजर आ रही है कि प्रधान मंत्री जी और गृह मंत्री जी के बीच गम्भीर मतभेद हैं। प्रधान मंत्री जी कहते हैं कि युद्ध विराम है और गृह मंत्री जी कहते हैं कि युद्ध विराम नहीं है। गृह मंत्री जी यह भी कहते हैं कि हम जानते और समझते हैं कि इस युद्ध विराम से पाकिस्तान बाज नहीं आएगा। क्या यह बात अखबारों में नहीं छपी? आप चाहें तो इसका खंडन भी कर सकते हैं लेकिन आप इसका क्या खंडन करेंगे? इससे जनता में क्या संदेश गया है? संदेश पहले दिन चला जाता है चाहे आप इस बारे में सफाई दें। यह एक पुरानी परम्परा है। ऐसे बहुत से लोग देखे हैं जो ऐसे बोल देते हैं और बाद में कहते हैं कि मैंने कहा ही नहीं। हम यह चीज रोजाना देखते हैं और इस बारे में जानते हैं। वह बाद में अपनी बात को बदल देते हैं। आप इस तरह से देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड क्यों करते हैं ? इसलिए मैंने कहा कि यह दिशाहीन सरकार है।

अब मैं महाकुम्भ के बारे में कहना चाहता हूं। जैसे मुसलमान हज के लिए मक्का-मदीना जाते हैं वैसे ही हिन्दू इलाहाबाद महाकुम्भ पर्व के समय जाते हैं। महाकुम्भ में धर्म संसद बैठी। उसने क्या-क्या फैसले किए? महाकुम्भ में बहुत से विदेशी आए और चले गए। हिन्दु इतनी बडी तादाद में इलाहाबाद में क्यों इकट्ठे होते हैं और इसकी क्या वजह है? पूरी दुनिया से बहुत से लोग वहां आए और उन्होंने कुम्भ मेले को देखा। महाकुम्भ की धर्म संसद में नफरत का बीज बोया गया। वह धर्म संसद नहीं थी. अधर्म संसद थी। उसने इलाहाबाद जैसे पवित्र शहर में महाकुम्भ पर्व पर एक प्रश्न चिन्ह लगा दिया है? इसमें जाना चाहिए या नहीं जाना चाहिए, मैं इसमें पड़ना नहीं चाहता लेकिन इसके प्रति लोगों की आस्था घटी है। वहां करोडों हिन्दुओं ने डुबकी लगाई। इससे क्या होता है? वहां कांग्रेस की नेता जो रोम में पैदा हुई वह भी गईं। पता नहीं क्यों चली गईं? कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने उन्हें भेजा? हमें पता चला कि उन्हें वहां भेजा गया जबकि प्रशासन मना करता रहा लेकिन कांग्रेस नेता की कोई गलती नहीं थी। हम नहीं मानते कि उनकी कोई कोई गलती थी। उन्हें कांग्रेस के नेताओं ने बताया नहीं था कि महाकुम्भ में डुबकी लगाई जाती है लेकिन उन्होंने पानी छिड़क लिया। गांव में लोग कहते हैं कि किसी की मौत होने पर दूसरे लोगों पर पानी छिड़का जाता है। वह वहां गईं और पानी छिड़कवा लिया। आपने उन्हें बताया नहीं कि वहां डुबकी लगाई जाती है। पानी छिड़कने के बाद वह कहां गईं और आशीर्वाद लेने कौन से शंकराचार्य के पास गईं? वह उस शंकराचार्य के पास गई जिन्हें मैंने जेल भेजा। वह उनसे आशीर्वाद लेने गई। इसलिए हम कहते हैं कि आप अपनी नीतियों को बदलें। आप दोनों एक हैं। क्या महाकुम्भ में उन्होंने ऐसा नहीं किया? उस शंकराचार्य ने साम्प्रदायिकता को भड़काया और अयोध्या में 1990 में देश की एकता को खतरा पहुंचाया। मैंने उन शंकराचार्य को मजबूरी में जेल भेजा। मैं उनकी इज्जत और सम्मान करता हूं। वह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हैं। हम एक मंच पर दो बार जा चुके हैं और बोल चुके हैं। मैं उनकी इज्जत करता हूं। मैंने स्पट कहा था शंकराचार्य से देश बडा है । देश से बड़ा कोई नहीं हो सकता है। मैं मजबूरी में उस समय चन्द्रशेखर जी को विश्वास में ले नहीं पाया। मैंने उन्हें चुपचाप गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। कांग्रेस की नेता उस शंकराचार्य से आशीर्वाद लेने गईं। मैं आपसे पूछना चाहता हं कि क्या आप साम्प्रदायिकता के खिलाफ लड़ेंगे?

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी (खजुराहो) : क्या आपने शंकराचार्य के कभी पैर नहीं छुए?

श्री मुलायम सिंह यादव : कभी नहीं छुए और कभी नहीं छुऊंगा। आप सब से कह दीजिए न छुए है और न ही छुऊंगा। हमारी शंकराचार्यों के प्रति पूरी आस्था एवं आदर है । कार्ग्रेसी मित्रों हमें ज्यादा बोलने के लिए मजबूर न करें कि कांग्रेस सरकार ने क्या-क्या काम किए? इस वजह से हमें आज तक दुख हो रहा है। आपने नीतियां बनाईं और ये इसे तेजी से लागू कर रहे हैं। इससे साफ जाहिर है कि ये वे नीतियां तेजी से लागू कर रहे हैं। आपकी नीतियों के बारे में हमें कुछ लोग कहते हैं कि आप पश्चाताप करते हैं तो हम चुप रह जाते हैं।

यदिज्यादा सवाल करोगे तो यह कहूंगा कि आप पैर सिर पर रखवाते हो और पैर रखवाकर आशीर्वाद लेते हो। मेरी संतों और ऋाि मुनियों में बहुत आस्था है लेकिन हम पैर नहीं रखवायेंगे और न मैंने किसी शंकराचार्य के पैर छुये हैं। मेरे मन में शंकराचार्य के प्रति बहुत अच्छी राय है। उन्होंने देश को जोड़ने का काम किया है। यह हमारी भारतीय संस्कृति है जिसकी वजह से सभी धर्मों के लोग यहां पर स्थापित हैं। इसी कारण हमारा देश महान कहलाने लग गया। यह सभी धर्मों का सम्मान करने वाला देश था। लेकिन अब सरकार में बैठे भाजपा के कुछ लोंगों ने क्या काम किया है? अब ये कहते हैं कि इस्लामीकरण का भारतीयकरण हो रहा है, यह क्या है? मैं आप लोगों से पूछना चाहता हूं कि क्या आप इस्लामीकरण का भारतीयकरण करना चाहते हैं? हम चाहते हैं कि कम से कम इस संघ परिवार का भारतीयकरण कर दो। क्या यह भारतीयकरण है? क्या आपने मुझे हिन्दू माना है? उस समय संघ परिवार ने 1990 में ऐलान किया था कि अयोध्या मंदिर में वही प्र ावेश कर सकता है जो राम-भक्त हो- इसका क्या मतलब है? हमें राम भक्त होने का प्रमाण-पत्र कौन देगा? आप जानते हैं कि वे अयोध्या प्रकरण में हमारे कितना खिलाफ हैं? जब हम कहते थें कि हमसे दोस्ती कर लो और दोनों सम्प्रदाय मिलकर पंचायत कर लें या अदालत फैसला करे, तब कहते थे कि यह हमारी आस्था का सवाल है, हमारी भावनाओं का सवाल है। तब मजबूर होकर हमारी सरकार को गोली चलानी पड़ी तो आपने कहा कि सरयू में पानी नहीं खून बह रहा है। आप लोगों ने इतना बड़ा असत्य बोला। असत्य के प्रचार करने में आपसे कौन जीतेगा? हम जान गये और सारा देश जान गया कि आपने कितना बड़ा असत्य बोला। आपने सारी विश्व की मूर्तियों को एक साथ दूध पिला दिया। क्या मूर्तियां दूध पी लेती हैं? वह तो अच्छा हुआ कि वैज्ञानिकों और पत्रकारों ने अच्छा काम किया और कहा जब कोई खाना खाता है तो वह दिनचर्या भी करता होगा। मैं पूछना चाहता हूं कि मूर्तियां कब दिनचर्या करती थीं? कितना बड़ा पाखंड, कितना बड़ा फरेब और कितना बड़ा मजाक इस देश के साथ किया गया है। क्या यह धर्म है? साम्प्रदायिक लोग कभी धार्मिक नहीं हो सकते और धार्मिक लोग कभी साम्प्रदायिक नहीं हो सकते।

सभापति महोदय, मैं बीजेपी के लोगों से पूछना चाहता हूं कि जब गौतम बुद्ध आये थे, क्या इस्लाम धर्म उस समय आया था? इस्लाम धर्म तो बहुत बाद में आया। उस समय जैन धर्म था, बौद्ध धर्म था, हिन्दू धर्म था। तालिबान जो कुछ कर रहे हैं, वह सब सरकार एवं देश के नेतृत व की कमजोरियों की वजह से है, वे बीजेपी की नपुंसक सरकार की वजह से कर रहे हैं। मैं इस सरकार के इस काम की घोर निन्दा करता हूं। आज भारत की एशिया में क्या इज्जत है, क्या सम्मान शो रह गया है? आप जिसके पिछलग्गू बन कर फिर रहे हैं, उसके आसपास किसी की हिम्मत नहीं। वह अफगानिस्तान में मिसाइल छोड़ देता है। आपका क्या दबाव है और आपका दबाव हो भी कैसे सकता है? क्या आप गौतम बुद्ध को मानते हैं? क्या इसी देश के शंकराचार्य ने स्तूपों को गिराकर मंदिर नहीं बनवाये थे? जब आप गौतम बुद्ध को नहीं मानोगे, गांधी जी की हत्या करोगे तब तालिबान से आप क्या उम्मीद कर सकते हैं? क्या वह आपकी बात मानेगा या दबाव सहेगा? अंतरराट्रीय स्तर पर पत्र लिखे गये, क्या आपने उसे रुकवा लिया? हां, अगर आपकी ताकत होती, दबाव होता, हिन्दुस्तान का नेतृत्व मजबूत होता तो तालिबान यह सब करने की हिम्मत नहीं करते। श्री चन्द्रशेखर जी ने जो कुछ कहा, मैं उनसे सहमत हूं। जिन्होंने यह बयान दिया कि तालिबान में जो हो रहा है, वह सही है, मैं उस बात को पसंद नहीं करता हूं। हम जानना चाहते हैं कि जब इस देश के अंदर अपने आपको हिन्दू कहलाने वाले लोग गांधी जी की हत्या कर सकते हैं, इस देश के लाखों लोग, हिन्दू धर्म को मानने वाले लोग बौद्ध स्तूपों को गिराकर उन पर मन्दिर बनवा सकते हैं, कम से कम बीजेपी के साथियों इस बात की समीक्षा एवं चिन्तन कीजिये।

चूंकि ऐसा आपके यहां हुआ है, उसी को तालिबान करता है तो हम निंदा करते हैं। लेकिन हम फिर से स्वीकार करते हैं यह सब सरकार की कमजोरी की वजह से हुआ है। ा सरकार के कमजोर नेतृत्व की वजह से दुनिया में आपकी कोई इज्जत, कोई सम्मान नहीं है, यह

ताबिलान प्रकरण से साफ हो गया है। आप चिट्ठी लिखते हैं, आप बयान देते हैं, अगर आपमें हिम्मत होती तो तालिबान की घटना कभी नहीं हो सकती थी। अगर आपका काम ठीक होता, आप गौतम बुद्ध को मानते होते, आप महात्मा गांधी की हत्या नहीं करते तो तालिबान ऐसा नहीं कर सकते थे। परम्पराएं कहां से डाली गईं, आप पहले इसकी समीक्षा करें तथा गंभीरता से सोचें और चिन्तन करें। तालिबान जो कुछ कर रहे हैं, वह बदले की भावना से नहीं हो रहा है। यदि वह ऐसा करते तो हम निंदा करते। अगर सरकार में हिम्मत हो तो आप उसे रोकें, हम आपका साथ देंगे तथा देश तालिबान की करतूतों के विरूद्ध कडा हो जायेगा। गौतम बुद्ध के हम समर्थक हैं। समाजवादी आंदोलन, समाजवादी पार्टी गौतम बुद्ध के विचारों से प्रभावित है। हम वे लोग हैं । हमारे देश के बारे में बोला जाता है कि यह गांधी का देश है, गौतम का देश है,लेकिन आपने दोनों को मिटाने का काम किया है। आप किस मुंह से तालिबान का विरोध करेंगे, तालिबान का विरोध समाजवादी लोग ही कर सकते हैं। आपकी क्या हिम्मत है। बीजेपी में नौतिक साहस नहीं है। आप देश को कहां ले जाना चाहते हैं और आज यह कहां हैं, क्या यह मामूली बात है। अयोध्या विवाद के बाद देश में गंभीर स्थिति पैदा हुई है, लेकिन उसका इस अभिभााण में जिक्र क्यों नहीं किया गया, जबकि आपके लोग चुनौती दे रहे हैं कि अगले मार्च में हम मंदिर बनायेंगे। इस पर प्रधान मंत्री जी स्पट बयान क्यों नहीं देते हैं। इस पर स्पट कहने की जरूरत है कि आपकी राय क्या है, वह बतायें। जब वह यहां हस्तक्षेप करें तो बतायें, हम उनका भााण सुनने के लिए आयेंगे। हम भले ही व्यस्त हैं। हमें पता चला है कि वह 13 तारीख को बोलेंगे। हम यहां रहेंगे, नहीं तो 13 तारीख को हम यहां नहीं रह पाते। चूंकि हम उन्हें सुनना चाहेंगे कि अयोध्या विवाद पर उनकी क्या राय है। बजरंग दल, विश्व हिन्दु परिाद और संघ परिवार चुनौती दे रहे हैं कि अगले मार्च में मंदिर बनेगा, इस पर वह बतायें कि उनकी क्या राय है। महामहिम रादूपति जी के अभिभााण में इसे क्यों नहीं जोड़ा।

सभापति महोदय : जवाब 13 नहीं 12 मार्च को है।

श्री मुलायम सिंह यादव : हम चाहते हैं कि इसका उत्तर आना चाहिए। वैसे हमारा बोलने का मन नहीं था। मैं जानता था कि आज इस विषाय पर बोलना नहीं चाहिएस लेकिन फिर भी आपके निर्देश से हम सदन में कहना चाहते हैं कि इस देश का सौहार्दपूर्ण वातावरण, इस देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा में जो आंतरिक अलगाव आज देश के अंदर कश्मीर से लेकर आसाम और अरुणाचल तक है, आपकी सीमाएं सुरक्षित नहीं हैं, यह आपके कमजोर नेतृत्व से साबित हो गया है। लाल किले पर हमला हुआ, आपके सैनिक मारे गये और उग्रवादी उन्हें मारकर सुरक्षित चले गये। उसके बाद आपने मुसलमानों पर गुस्सा निकाला, अलीगढ़ विश्वविद्यालय आई.एस.आई. का अड्डा है, वहां के आई. जी. ने उसे बंद करने का आदेश दे दिया। नदवां में आई.एस.आई. का अड्डा बताया, वहां के छात्रों पर आपने गोली चलवा दी और सात छात्रों को पकड़कर लाल किले पर ला रहे थे। आप देश की सुरक्षा नहीं कर सकते, आप देश को एक नहीं रख सकते। आप देश को आर्थिक गुलामी से नहीं बचा सकते।

सभापति महोदय, कितने अफसोस की बात है कि विश्व बैंक, अंतररादूीय मुद्राकोा और अमरीका के दबाव में आकर आज हिंदुस्तान के किसानों के विरोध में कानून बनाये जा रहे हैं, जबकि विदेशों के किसानों के पक्ष में कानून बनाये जा रहे हैं। भारत में लोक सभा है। यह भारत की लोक सभा आज हमारे हिंदुस्तान के दबाव में नहीं रह गई है। यह आज विश्व बैंक, अंतर्रादूीय मुद्राकोा, विदेशी कंपनियों और अमरीका के दबाव में है। सरकार उनके दबाव में काम कर रही हैं। सरकार उन्हीं धनी देशों के पीछे-पीछे घूम रही है। क्या आप कहेंगे कि आप इनके खिलाफ हैं। आप अंतर्रादूीय दौड़ में पीछे रहना चाहते हैं - नहीं रहना चाहते हैं। हम अंतर्रादूीय दौड़ में साथ रहना चाहते हैं, बल्कि आगे भी चलना चाहते हैं, लेकिन समाजवादी पार्टी भारत को कभी पिछलग्गू नहीं बनने देगी। आप पिछलग्गू हैं। आप नौकरों की तरह घूम रहे हैं। हम सैदूल हॉल में देख रहे थे, जब अमरीका के रादूपति बिल क्लिंटन आये थे तो आपके कुछ लोग उनके चरण स्पर्श करने को तैयार थे। श्रीमान जी, वे हम ही लोग थे जो पीछे खड़े हो गये थे, जब वह हॉल से निकल रहे थे। बहुत सारे लोग चरण स्पर्श करने को उत्सुक थे क्या यही है आपका आत्म-सम्मान।

पेदूोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री राम नाईक) : आगे वे हैं।

श्री मुलायम सिंह यादव : ये भी थे, मैं इनके लिए भी कह रहा हूं। हम अपनी कुर्सी पर खड़े रहे कि जब निकल जायेंगे तो हम भी चले जायेंगे। लेकिन आप तो नतमस्तक थे, चरण छूने के लिए तत्पर थे -हम देख रहे थे।

**16.00 hrs.**

इसेहम देख रहे थे। क्या यही है देश का सम्मान? भाजपा देश का सम्मान नहीं बचा सकती और न ही देश की सीमाओं की रक्षा नहीं कर सकते। आपने कारगिल को चुनाव का मुद्दा बनाया। अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि आपने भारत माता की छाती पर ही युद्ध किया। हम भी रक्षा मंत्री थे। हमारे कहने से किसी को रात-रात नींद नहीं आती थी क्योंकि हमने साफ कह दिया था कि अगर हिन्दुस्तान की सीमाओं को किसी ने छू भी दिया तो लड़ाई दुश्मन की धरती पर होगी, भारत माता की धरती पर नहीं होगी। लेकिन आप अपने ही देश में लड़े, अपने ही नौजवानों को शहीद कराया और विजय दिवस मनाते हैं। हम जानते हैं कि आप क्यों मनाते हैं। आप असत्य के आधार पर ही देश को चलाना चाहते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि सरकार को अपनी नीतियों को बदलना चाहिए, और सारे दल के नेताओं को विश्वास में लेकर एक मीटिंग बुलानी चाहिए और बैठक करके अपनी नीतियों को बदलना चाहिए और अंतर्रादूीय संगठन से खेती को नकालना चाहिये, वरना हमारे देश के सामने मुसीबत खड़ी हो जाएगी। देश में सड़कों का विकास अगर नहीं होगा, कुछ दिनों के लिए अंधेरा भी होगा तो चलेगा, लेकिन देश के सम्मान, देश की एकता व सुरक्षा के लिए पूरा देश सहयोग करने के लिए तैयार हैं, इसलिए सरकार अपनी नीतियों को बदले। आर्थिक दृटि से हमारा देश जितना कमज़ोर होगा, उतना ही विश्व बैंक, विदेशी कंपनियां और अंतर्रादूीय मुद्रा कोा का दबाव हमारे देश पर पड़ेगा। यह धनी देशों का ाड्यंत्र है। वह किश्तों में पैसा लगा रहे हैं। हमारे बीच एक भले मंत्री राम नाईक जी बैठे हैं। वह अध्ययन कर बताएं कि क्या जितना लक्ष्य था, उतना यहां विनिवेश हुआ है? वह किश्तों में पैसा लगाते हैं, मुनाफा कमाते हैं और ले जाते हैं।

एक उदाहरण देना चाहता हूं कि हमारे यहां कपड़ों का सारे का सारा व्यापार खत्म हो गया। समझौते के अनुसार हमारा 4 फीसदी सूती कपड़ा भी निर्यात नहीं हो रहा है -- यह कपड़ा मंत्री जी बताएं। लोहा जो निर्यात होता था, उसमें 1300-1400 करोड़ रुपये का निर्यात कम हो गया। आप इन सबकी समीक्षा करिये और उसके बाद अपनी नीतियों को बदलने पर विचार करिये। अंतर्रादूीय बाज़ार की सदस्यता समाप्त कीजिए। छः महीने का नोटिस देकर अंतर्रादूीय व्यापार संगठन से निकाला जा सकता है। अगर आप बहुत मजबूर हैं तो घाटे के संस्थानों को बेचना चाहिये। लेकिन आप मुनाफे वालों के बेच रहे हैं -- मैं जानता हूं क्योंकि आपके घाटे वाले संस्थानों को कोई खरीदेगा नहीं। आप जीतकर आ गए हैं और पांच साल का कार्यकाल चलाना चाहते हैं। क्या आप लोक सभा को भी बेचेंगे? लोक सभा को बेचने की बात हम कहेंगे तो आप हमें कहेंगे कि असंसदीय भााा है। हम विरोध करेंगे तो कहेंगे कि असंसदीय काम कर रहे हैं। अगर हिन्दुस्तान के अंदर लोक सभा को भी बेचने का काम करेंगे तो हम इसका असंसदीय तरीके से भी विरोध करेंगें। देश को बचाने के लिए, फिर हमें

पाठ नहीं पढ़ाना कि यह असंसदीय है, अमर्यादित है। हम देश की खातिर अमर्यादित होने के लिए भी तैयार हैं।

इसलिए हम आपसे अपील करेंगे कि नीतियों को बदलो और फिर दोहराएंगे कि किसानों को बचाईये, आर्थिक उदार नीति में 10 साल में क्या खोया या पाया इसकी समीक्षा कीजिये। छोटे-छोटे उद्योगों को बचाईये। घाटे के संस्थानों को कोई खरीद नहीं रहा मगर मुनाफे के संस्थानों को बेच रहे हैं। इसे बंद करो। हमारे पुरखों ने जो अरबों खरबों रुपये में तैयार किये थे, उनको मत बेचो। आपने देश की अचल संपत्ति को बेचकर देश को दुनिया के सामने सबसे ज्यादा नीचा देखने के लिए मजबूर किया है, इसलिए हम मानते हैं कि यह राद्रपति जी का अभिभाणअसत्य का पुलिन्दाहै।

## Anita

श्री चन्द्रशेखर (बलिया, उ.प्र.) : सभापति जी, सर्वप्रथम मैं भारत के राद्रपति जी को बधाई देता हूं। जिस समय देश का गौरव दांव पर लगा हुआ था, जिस समय देश के बड़े-बड़े लोग विदेशियों के सामने सजदा करने को तैयार थे, उस समय भारत के राद्रपति जी ने सारी दुनिया के सामने कहा कि विश्व एक गांव बन रहा है लेकिन हमने कभी यह स्वीकार नहीं किया था कि इस गांव का कोई मुखिया होगा।

उनके इस बयान की बड़ी आलोचना हुई थी। मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि भारत सरकार ने भी यह जरूरी नहीं समझा कि उस समय भारत के राद्रपति के सम्मान की रक्षा में वे एक बयान देती। विरोधी पक्ष के नेताओं ने भी उस पर मौन रहना ही श्रेयस्कर समझा क्योंकि उस समय दुनिया में एक नया सितारा उभरा।â€¦( व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : उनमें हम नहीं थे। â€¦( व्यवधान)

श्री चन्द्रशेखर : मैं नहीं जानता कि कौन था और कौन नहीं था। â€¦( व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : यह जानना चाहिए। â€¦( व्यवधान)

श्री चन्द्रशेखर : आप नहीं थे तो अच्छा था लेकिन मैं समझता हूं कि देश की मर्यादा, देश का सम्मान और देश के गौरव की रक्षा किये बिना कोई भी आर्थिक और राजनीतिक नीतियां कारगर नहीं हो सकतीं। संसदीय जनतंत्र में राद्रपति का एक प्रमुख स्थान है। दुनिया का कोई दूसरा राद्रपति यहां आकर हमे यह सीख दे कि हमारी सीमाओं की रक्षा हमारे सैनिकों ने नहीं की, उनके आदेश के जरिये हुई तो मैं समझता हूं कि इससे बड़ी अपमान की बात और कोई नहीं होगी।

सभापति जी, जिस समय यह अभिभाण संसद के केन्द्रीय कक्ष में पढ़ा जा रहा था, उस समय हमारे राद्रपति महोदय ने कहा कि उदारीकरण की नीति के पीछे हमारा मंतव्य देश में विकास होगा, समता होगी, गरीबों की जिंदगी में एक नया सवेरा आयेगा और सारी दुनिया में एक विकास की लहर दौड़ेगी। अभी श्री मुलायम सिंह जी ने कहा और यह बात सही है कि आज 10 वार्षों से ये नीतियां हमारे देश में लागू हैं। आज से एक-डेढ़ साल पहले मैंने भारत के प्रधान मंत्री को पत्र लिख कर कहा कि नौ वा बीत गये, एक बार हमें बैठकर सोचना चाहिए कि हमने क्या खोया और क्या पाया। आज जो बहस हम कर रहे हैं, उस राद्रपति के अभिभाण पर जिसको सरकार ने निश्चित किया है, बनाया है, उसमें जो कुछ लिखा गया है, उससे ऐसा लगता है कि देश का भविय अंधकार की ओर जा रहा है। हमारे देश में जो भी सपने देखे गये थे, वे सब के सब केवल सपने बनकर रह गये। हमारे देश के छोटे उद्योग समाप्त हो गये और जो घेरलू उद्योग थे, उन्होंने हमेशा के लिए अंतिम सांस ले ली। हमारे लोगों ने 50 वार्षों में जो कारखाने अपनी दौलत से, अपनी सम्पत्ति से, अपने श्रम से बनाये थे, वे एक-एक करके बंद हो रहे हैं। सरकार के लोगों ने एक साल पहले यह ऐलान किया था कि हम 10 हजार करोड़ रुपये की पूंजी इन कारखानों की बेचेंगे।

यहां पर श्री मनोहर जोशी जी बैठे हुए हैं। इन लोगों ने या कुछ और लोगों ने विरोध किया हो परन्तु पूंजी बेचने का काम जोरों से चला। मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि भारत के प्रधान मंत्री को कभी यह वक्तव्य देते हुए मैंने नहीं सुना कि इन कारखानों को हम फिर से जागरुक करेंगे, इनमें फिर से नयी क्षमता लायेंगे। वे बार-बार यही कहते रहे कि विनिवेश का काम, डिसइन्वेस्टमैंट करने का काम और तेजी से होगा। उस दिन हमारे मित्र वित्त मंत्री जी भााण दे रहे थे। वे भी इस बात पर जोर दे रहे थे कि सारी कोशिशों के बावजूद, बेचने की कोशिश के बावजूद भी हम वह धन इकट्ठा नहीं कर सके। हमारा ही एक सौभाग्यशाली देश है जहां इसे बेचने के लिए एक मंत्री बनाया गया है। इसका नाम अंग्रेजी में है--डिसइन्वेस्टमैंट मिनिस्टर। श्री अरुण शौरी जी हमारे पुराने मित्र हैं। वे नवयुवक हैं और उनसे हमें बड़ी आशा थी। हमारे यहां गांव में कहा जाता है कि जो लड़का अपने बात की जागीर बेचता है, उससे ज्यादा नालायक और कोई नहीं होता। यह नये लायक पैदा हुए हैं जो देश की जागीर को एक-एक करके बेच रहे हैं।

श्री जार्ज फर्नान्डीज का जिक्र अभी मुलायम सिंह जी ने किया। वे हमारे पुराने मित्र हैं। किस दर्द और पीड़ा के साथ उस कुर्सी पर ये बैठे होंगे, उसका अहसास मैं कर सकता हूं क्योंकि मैं जानता हूं कि जो भी नौजवान देश की सीमा की रक्षा के लिए जान देता है, अगर उसके हाथ बंधे हुए हों, उसे काम करने और लड़ाई लड़ने के लिए पूरी सुविधा न हो तो उसके मन की कटोच भुलाई नहीं जा सकती। यह बात भी सही है कि हमारी सेना अनुशासनबद्ध है। यह भी सही है कि रक्षा मंत्री के आदेश पर हमारे साढ़े चार सौ नौजवान कारगिल में अपने को बलिदान कर सकते हैं।

लेकिन यह भी सही है कि हम अपनी सीमाओं को पार नहीं कर सके। उन जवानों की कुर्बानी देना हमें मंजूर हुआ क्योंकि सारी दुनिया कहती थी कि कारगिल की उन सीमाओं को पार करोगे, जो हमारी रेखा है, उसे पार करोगे तो और युद्ध हो जाएगा। जिस समय पोखरण में अणु का विस्फोट हुआ था, जार्ज साहब, आपको इत्तिला नहीं दी गई थी। मुझे मालूम है, आपके ही एक सहयोगी ने कहा था - कहां लड़ेगा पाकिस्तान, जगह और समय बताए, हम लड़ने को तैयार हैं। यह भूल गए थे कि वे भी हमारे ही घर के लोग हैं, अगर हम बेवकूफी कर सकते हैं तो वे भी बेवकूफी कर सकते हैं। हमने पांच अणु बम फोड़े, उन्होंने छः बम फोड़े। अब लड़ाई की बात भूल गए तो आप बस में चढ़ कर लाहौर में समझौता करने के लिए दौड़े हुए गए। देश को चलाने का काम बच्चों का खेल नहीं है। जिस समय अणु का विस्फोट नहीं हुआ था, उस समय हम पाकिस्तान से पांच गुना बड़ी ताकत थे, अब हम दोनों बराबर ताकत वाले लोग हैं। वे हमको पहले बर्बाद कर देंगे या हम उनको पहले बर्बाद कर देंगे। जार्ज साहब यहां मौजूद हैं, तेज काम करने वाले हैं, शायद ये पहले उनको बर्बाद कर देंगे। लेकिन जब लाहौर पर बम गिरेगा तो क्या होगा। मैंने एक बार इसी सदन में कहा था कि उसका असर अमृतसर पर क्या होगा, यह हमें कभी सोचना चाहिए। उस बात को मैं नहीं कहना चाहता। बड़े जोरों से हौंसले बनाए जाते हैं, बड़े हौंसले से लोग लड़ते हैं लेकिन आपके एक कारनामे से सब मलियामेट हो जाता है।

आज कश्मीर में विराम संधि या विराम रेखा क्या है, मुझे नहीं मालूम। कौन विराम कर रहा है, विराम केवल अपने सैनिकों के लिए है, अपनी सेना के लिए है। रोज कत्ल हो रहे हैं। यहीं नहीं, नागालैंड में भी वही हो रहा है। वहां के लोगों से मेरी भी चर्चा होती है, चाहे वे फारुख अब्दुल्ला हों चाहे जमीर साहब हों। उनके दिलों पर क्या गुजरती है, उसका एहसास शायद और किसी को न हो, जार्ज साहब को जरूर होगा। बड़े अच्छे मौके पर आए हैं, इसलिए मैं आपसे अनुरोध करूंगा, कभी उन दिनों को याद कीजिए जब वे लोग आपकी ओर भरोसे की दृटि से देखते थे, वे समझते थे कि भारत एक शक्तिशाली देश के रूप में न केवल अपनी रक्षा करेगा, दुनिया के गरीब देशों को यह भरोसा दे सकेगा कि अगर वे पीड़ा और दर्द में होंगे तो भारत उनकी सहायता के लिए ख़ड़ा होगा। आज हम बेबस और लाचार लोग हैं। इन बातों का जिक्र मैंने शुरू में इसलिए किया कि जार्ज साहब को देख कर पुराने दिनों की बात याद आ गई। लेकिन आप अगर अपने देश की आर्थिक हालत को देखें तो यह पुलिन्दा, जिसे राट्रपति जी ने एक घंटे में पढ़ा, लोगों को भ्रम में रखने वाला है। हम कितने दिनों भ्रम में रहने वाले हैं। कौन नहीं जानता कि पिछले दस वााँ में, जब से यह नीतियां लागू हुई हैं, केवल यह सरकार नहीं, इससे पहले की सरकारों के दिनों से लेकर आज तक हमारे कितने लाखों छोटे उद्योग समाप्त हो गए। हमारे घरेलू उद्योग कहां गए, हमारे बुनकर, बढ़ई, लुहार, उनके हुनर का क्या हुआ, आदिवासी गांव की कलाकृतियां आज किस हालत में हैं। आखिरकार हिन्दुस्तान अंग्रेजों के आने से पहले दुनिया का धनी देश था। हमारे देश में बहुराट्रीय कम्पनियां नहीं थीं, हमारे देश में खेती करने वाला किसान था, बड़े कलकारखाने नहीं थे लेकिन हुनर वाले लोग, गांव-गांव में फैले हुए लोग हमारे देश में जो दौलत पैदा करते थे, वही दुनिया के बाजारों में जाती थी। अचानक हमारे देश में एक बात फैलाई गई। जब अंग्रेजों से लड़ने के लिए महात्मा गांधी इस देश में आए तो गोखले ने उनसे कहा कि जाओ, गांवों में जाकर गांव वालों की ताकत को पहचानो और उससे जो प्रेरणा मिलेगी, उससे नया हिन्दुस्तान बनाने की शक्ति तुम्हारे अंदर आएगी। गांधी जी ने गांव की परम्परा को, गांव की इस शक्ति को परखा था, एक मुर्दा देश में उन्होंने नई जान डाल दी थी और 1914 से लेकर 1942 तक गां व-गांव घूम कर गांधी जी ने एक शक्ति पैदा की, ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ निहत्था देश खड़ा किया। 'करो या मरो' का नारा देने वाले गांधी, 'अंग्रेजो भारत छोड़ो' का नारा देने वाले गांधी, शायद सरकार की फाइलों में उनका नाम न हो लेकिन आज हिन्दुस्तान के कण-कण में, हिन्दुस्तान के दिलों में वह आवाज गूंज रही है। वह आवाज केवल हिन्दुस्तान के दिलों में नहीं गूंज रही है, दुनिया के लोगों के बीच गूंज रही है। मुझे वह दिन याद आता है, जिस दिन गांधी जी की मौत हुई थी तो आइन्सटाइन ने कहा था कि एक दिन दुनिया के लोग सोचेंगे कि हाड़-मांस का ऐसा आदमी इसी धरती पर कभी चढ़ा था जिस धरती पर आज हम हैं।

उसी समय रोम्यां रोलां ने कहा था, कभी दुनिया अगर सोचेगी, मनुय की सभ्यता और संस्कृति, इंसान की तहजीबो तमद्दुन कहां से शुरू हुई तो उसे एक ही देश याद आयेगा और वह देश है भारत, हिन्दुस्तान, दुनिया का दूसरा कोई देश नहीं है। ऐसे देश को गांधी ने मनोबल दिया था। 1991 में उस मनोबल को तोड़ने का काम हुआ और उस मनोबल को लगातार तोड़ने का काम आज भी हो रहा है। कहा जाता है कि हम बेबस लाचार लोग हैं, दुनिया के लोग दौलत नहीं देंगे तो हमारे देश का कुछ भी नहीं हो सकता। हमें किसलिए दौलत चाहिए, जो दौलत आई है, किसके लिए है। श्री जार्ज याद है, जब हमने और तुमने मिलकर कोकाकोला का 1977 में विरोध किया था और 77 लागू करने वाले जार्ज फर्नान्डीज आज पेप्सी और कोकाकोला की अगवानी का स्वागत करने वाले जार्ज बन गये हैं। हमें इस बात का दर्द होता है कि हमारी सेनाओं का इरादा ठीक है, हमारे किसान अपने बाहुबल से खेती करके अनाज के मामले में आत्मनिर्भर बना रहा है। हमारे मजदूर, चाहे वे किसी क्षेत्र में काम करते हों, मैं मानता हूं, उनमें कुछ गड़बड़ियां आईं, काम ठीक नहीं हुआ, लेकिन फिर भी देश को कहां से कहां पहुंचा दिया। हमारे देश में जहां पहले सुई नहीं बनती थी, वहां 13 औद्योगिक देशों में भारत एक देश है। जार्ज, वह दिन याद है, जब आपने रेलवे की हड़ताल कराई थी। हमारे लाखों मजदूर इस देश के एक बार तैयार हो गये थे और वही मजदूर अगर बालको के मामले में इस बेच को स्वीकार नहीं करता तो आप सुप्रीम कोर्ट में जाते हो, कम्पनी के गुमाश्ते बनकर इजाजत लेने के लिए कि उनके यहां फौज भेजी जाये, पुलिस भेजी जाये। वहां बन्दूक के बल पर, सत्ता के बल पर काम करने के लिए मजबूर किया जाये। यह कम्पनी आपकी नहीं है, याद रखिये, वह कम्पनी देश के एक पूंजीपति की है। हमारे देश के पूंजीपति के मित्र ने वह सवाल उठाया था। पूंजीपति की ओर से भारत के डिसइन्वेस्टमेंट मिनिस्टर जाते हैं, हमें बताते हैं, कैसे देश चलता है। हमें बताते हैं कि कैसे फेवरेटिज्म का काम होता है, हमें बताते हैं कि किस तरह से केन्द्र सरकार की सत्ता काम करती है। कहां गई थी केन्द्र सरकार की सत्ता जब हमारे कहे गये मिनिस्टरों के कहने के बावजूद आपके नौकरशाहों ने 1-1 करके जो मन में आया वह कर दिया। आप जितनी आलोचना कर लें, सोमनाथ चटर्जी जी के भााण की, मैं उस भााा का इस्तेमाल नहीं करूंगा, लेकिन जब आपका एक सरकारी अधिकारी खुले आम बयान, साक्षात्कार देता है, अखबार में वह छपता है, जब आपकी पार्टी, जो प्रमुख पार्टी थी, उसकी नेशनल एग्जीक्यूटिव का मैम्बर पिछले दो महीनों से टी.वी. पर रोज प्राइम मिनिस्टर कार्यालय के कारनामों का जिक्र करता है, तो इन्फोर्मेशन मिनिस्ट्री कहां गई, सूचना विभाग कहां गया, पी.एम.ओ. कहां गया, उसका खंडन क्यों नहीं होता। अगर उसका खंडन नहीं होता तो हमारे मित्र सोमनाथ चटर्जी जी अगर उसका जिक्र करते हैं तो एक नौज वान गुस्सा दिखाते हैं। आप गुस्सा दिखाकर लोगों की आवाज दबा सकते हो, अपने बहुमत से यहां पर संसद में जो चाहो प्रस्ताव पास कर सकते हो, लेकिन याद रखो दोस्तो, कभी भी दुनिया में क्रान्तियां, दुनिया में अराजकता पार्लियामेंट के प्रस्तावों से नहीं होतीं, सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट से नहीं होतीं। उच्चतम न्यायालय के निर्णय रखे रह जाते हैं, पार्लियामेंट बैठी रहती है और लोग बगावत के रास्ते में खड़े हो जाते हैं। आज जो बालको में हो रहा है, यह एक अशुभ संकेत है। एक मुख्यमंत्री अगर चुनौती देता है और आप इसके लिए सुप्रीम कोर्ट की शरण लेते हैं, आपको इस बात की निगाह नहीं आती कि आप पार्लियामेंट के सामने जाये, आप भारत सरकार की केबिनेट के सामने जायें और इस संसद के सामने आयें और कहें कि यह काम नहीं हो रहा है, लेकिन आप सुप्रीम कोर्ट में जाते हैं। एक दिन आयेगा जब यही उच्चतम न्यायालय आपको भी इस्तीफा देने के लिए कह सकता है। एक दिन यही उच्चतम न्यायालय आपके ऊपर भी प्रतिबन्ध लगा सकता है। सभापति जी, माफ कीजिएगा, आप जिस कुर्सी पर बैठे हुए हैं, मैंने भी इस संसद को काम करते हुए देखा है, एक बार नहीं, अनेक बार दर्जनों बार हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के सम्मन्स को इस कुर्सी पर बैठे हुए लोगों ने उठाकर रद्दी की टोकरी में फेंक दिया है। कहा गया है कि हम इसमें सीमित नहीं हैं। मैंने अध्यक्ष जी को लिखा है कि मैं ऐसा मानता हूं कि उस पद पर बैठे हुए व्यक्ति के अधिकार का, उसके कर्तव्य का निर्णय केवल पार्लियामेंट करती है, सुप्रीम कोर्ट न उसको कम कर सकता है, न सुप्रीम कोर्ट उसको बढ़ा सकता है।

लेकिन आज उस कर्त्तव्य का निर्वाह कर सकने में असफल सरकार दिन-रात उसी तरफ निगाह लगाए बैठी है। लोगों को डरा रही है, जो देश ब्रिटिश साम्राज्यवाद से नहीं डरा, वह डर रहा है इस कानूनी दांव-पेंच से, यह कोई शुभ संकेत नहीं है। मैं कहना चाहूंगा एक-एक करके जिस क्षेत्र में देखिए, कितने उद्योग बंद हुए, कहा गया कि केवल घाटे वाली कम्पनीज को बेचेंगे। दस हजार करोड़ रुपया इकट्ठा करेंगे। फिर कहा गया कि घाटे वाली कम्पनीज कोई खरीदने वाला नहीं इसलिए मुनाफे वाली कम्पनीज भी बेची जाएंगी। उस बारे में बयान दिया हमारे विनिवेश मंत्री जी ने, जो यहां पर अभी मौजूद नहीं हैं। उसका समर्थन किया हमारे मित्र ने, जो योजना आयोग के उपाध्यक्ष हैं। यह क्या आपकी जागीर है ! आज आप सरकार में हैं, कल चले जाओगे। जिन कम्पनीज को बेच दोगे, मान लीजिए अगर कल कोई दूसरा प्र धान मंत्री हुआ, कोई दूसरी पार्टी सत्ता में आई, तो फिर क्या होगा इस देश का। कौन सा तमाशा खड़ा होगा। आज आप ऐसी नीतियां बना रहे हैं, जिससे गरीब देश की बेबसी और लाचारी बढ़े। आज इस देश इस हालत में पहुंचाने के लिए जिम्मेदार आज की सरकार की नीतियां हैं।

अभी कुछ दिन पहले आई वित्त आयोग की रिपोर्ट के ऊपर गरीब राज्यों के मुख्य मंत्री और अमीर राज्यों के मुख्य मंत्री एक दूसरे के सामने

खड़े होकर चुनौती देने लगे। कभी हुआ है ऐसा, पिछलि 50-52 वार्षों में यह आपकी बड़ी भारी कामयाबी है। हमारे मित्र मुलायम सिंह जी ने कहा कि आप अटल जी को गुरूदेव कहते हैं। मुझे उनको अब भी गुरूदेव कहने में कोई संकोच नहीं, लेकिन याद रखिए कभी द्रोणाचार्य के चरणों में बाम चलाने के लिए अर्जुन को मजबूर होना पड़ा था। इसलिए मैं बता रहा हूं कि आज कहां ले जा रहे देश को, देश को किस कठघरे में खड़ा करना चाहते हो ? आज इस देश को खुलेआम विदेश के लोग बताते हैं कि हमें क्या कृाि नीति अपनानी चाहिए, हमें मजदूरों के प्रति क्या व्यवहार करना चाहिए। एक हजार मजदूर तक की कम्पनी बंद की जाएगी, सरकार से पूछा नहीं जाएगा। कहां गया शौर्य और कहां गया पराक्रम और कहां गया पुरूाार्थ, जो मजदूर नेता जार्ज फर्नांडीज था। मनोहर जोशी जी, मैं आपसे पूछना चाहता हूं आप जिम्मेदार हैं उन मजदूरों की जिंदगी के लिए।

बैंकों का राट्रीयकरण करने में मेरा थोड़ा हाथ था। उस समय हमने कहा था कि बैंकों का राट्रीयकरण इसलिए जरूरी है कि पूंजी गरीब इलाके से जा रही है अमीर इलाकों में, बड़े शहरों में चंद पूंजीपतियों के हाथों में, आंचलिक विामता बढ़ रही है, उसको रोकने का उपाय यह है कि बैंकों का राट्रीयकरण हो। बैंकों के राट्रीयकरण में अनेक कमजोरियां आईं। बैंक मजदूरों ने कुछ गलतियां कीं, भूलें कीं, कमियां की, लेकिन क्या यह सही नहीं है कि जहां 14 परिवारों को बैंकों की पूंजी इस्तेमाल करने की इजाजत मिलती थी, वहां लाखों लोगों की मदद बैंकों ने की। किसानों को ट्रैक्टर खरीदने के लिए, पम्प खरीदने के लिए, हमारे छोटे दुकानदारों को दुकान बनाने केलिए। जो चंद हाथों में दौलत कैद थी, उसको उठाकर बैंकों के राट्रीयकरण के बाद सरकार के माध्यम से आपने इनको वहां पहुंचा दिया। आज बड़े उच्च आदर्शों की बात इसमें की गई है। मैं एक-एक पढ़कर सुनाना नहीं चाहता। आप शिक्षा देना चाहते हैं, आप गांव के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं देना चाहते हैं, आप लोगों को बिजली देना चाहते हैं। कहां गए हमारे मित्र सुरेश प्रभु जी, वे जानते हैं कैसे बिजली कहां पर पहुंचेगी। जो आपकी नीतियां हैं, दो वार्षों के अंदर इस देश में चारों ओर केवल अंधेरा ही अंधेरा दिखाई देगा। एनरान सिर्फ 30-35,000 करोड़ रुपए ही वसूल नहीं करेगा, शिवराज पाटिल जी, आपका राज्य इस मामले में सबसे ज्यादा खतरनाक स्थिति में है। उस समय हमारे एक मित्र ने दस्तखत किए थे और हमारे दूसरे गुरूदेव कह लीजि, मित्र ने उसको एप्रूवल दी थी। लेकिन उस समय मैंने कहा था यह बर्बादी की ओर उठाया गया कदम है। आज सुरेश प्रभु जी के गले में वह पड़ा हुआ है। वहां महाराट्र की सरकार कह रही है केन्द्र सरकार इसको ले ले, केन्द्र सरकार कहती है कि इसको लेकर बिजली पैदा करके सात रूपए अस्सी पैसे फी यूनिट बिजली देंगे, कहां पर बेचोगे ? धमकियां दी जाती हैं और धमकियां ही नहीं दी जातीं, आपने जो अनुबंध किया है, आपने जो कांट्रेक्ट किया है, शायद आप हुकूमत में नहीं रहेंगे, हम लोग संसद में नहीं रहेंगे, आने वाली संतानें इसको देने के लिए मजबूर होंगी। इन बातों को सोचकर मैंने सोचा कोई सुने या न सुने, मुझे अपनी आवाज उठानी चाहिए।

मुझे देश के लोगों को बताना चाहिए कि आप देश को कहा ले जा रहे हैं? इस देश में फीस बढ़ाई जा रही है। यूनिवर्सिटी ग्रान्ट्स कमीशन के लोग कह रहे हैं कि अगले पांच वार्षों में हम आपको कोई मदद नहीं देंगे। पांच या दस वार्षों में हर साल दस फीसदी फीस बढ़ाकर लोगों को कहते हैं कि अपना खर्चा खुद चलाइए। मैं इलाहाबाद और लखनऊ यूनिवर्सिटी गया था। वहां का एक-एक नौजवान कह रहा था कि हमारे घर के लोग अपना पेट काटकर हमें यहां भेजते हैं और नौकरी आप दे नहीं सकते। मैं एक-एक बात सरकार से कहना चाहता हूं कि दस फीसदी छंटनी करोगे और आज आप वीआरएस चलाएंगे और 90,000 लोग बैंकों से कह रहे हं कि हमें नौकरी से छुट्टी दे दो। आपका वह कानून कहां चला गया जब लोगों को एक कलम से हायर एंड फायर के अंदर जिसको चाहे रख दो और जिसे चाहो निकाल दो, वह पास कराने का काम आप इस संसद से करते हो। यहां बहस नहीं होती। शुक्ला जी और शिवराज पाटील जी, मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि जो आवाज उधर से निकलती है, उसी आवाज का समर्थन आप भी करते हो। हिन्दुस्तान की राजनीति में इससे दुर्भाग्यपूर्ण दिन और कोई नहीं आया था जब सरकारी पक्ष और विरोध पक्ष दोनों की देश को बेचने के लिए एक राय हो। ऐसी हालत में मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आप देश को कहां ले जाना चाहते हैं? आज जब गरीब का बेटा यूनिवर्सिटी और कॉलेज में नहीं जाएगा तो देश आगे कैसे बढ़ेगा?

मुलायम सिंह जी आरक्षण के लिए लड़ते रहे कि आरक्षण होता रहे। जब नौकरी ही नहीं होंगी तो आरक्षण कहां से आएगा? जहां विदेशी कंपनियां आएंगी तो क्या आप उन पर आरक्षण का कानून लगा पाएंगे? वे अपने ऊपर आपका कोई प्रतिबंध मानने वाली नहीं हैं। क्या आपने कभी इस बात को सोचा है कि इससे आगे क्या होगा? एक-एक करके हम लोग बड़े उद्योग बेचते जा रहे हैं। मैं केवल 'बालको' की बात नहीं करता। आज इंडियनन एयर लाइन्स और एयर इंडिया के भी प्राइवेटाइजेशन की बात की जा रही है और बड़े अभिमान के साथ देश को बेचने का काम यह सरकार कर रही है। मजदूरों के साथ वही विश्वासघात हो रहा है, सरकारी कर्मचारियों के साथ भी वही हो रहा है। उन्हीं जैसा उनके साथ भी हो रहा है। 5 या 8 मिनिस्ट्री खत्म कर दी। अब मिनिस्ट्री खत्म होंगी या रहेंगी, यह फैसला कैबिनेट में आप नहीं करेंगे, यह फैसला वर्ल्ड बैंक करेगा, यह फैसला इंटरनेशनल मोनीटरी फंड करेगा। खुलेआम निर्देश आते हैं। अगर आप कहेंगे तो विश्व बैंक और अन्तर्राट्रीय मुद्रा कोश की रिपोर्टें दिखा सकता हूं जिनमें बताया गया है कि भारत में कितने लोगों की छंटनी करनी चाहिए, किस तरह से इकोनॉमिक व्यवस्था को निर्धारित करना चहिए। सब चला गया तो अब नयी कृाि नीति बनेगी। हमारे मित्र वित्त मंत्री जी कह रहे थे कि देश में पहली बार कृाि नीति बनी है। क्या वह भूल गये कि यहां जमींदारी एबोलिशन हुआ था। क्या वह भूल गये यहां पर को-आपरेटिव फॉर्मिंग के लिए कितना बड़ा आंदोलन हुआ था? क्या वह भूल गये कि ग्रीन रिवोल्यूशन के जमाने में सरकार ने कितनी बड़ी सम्पत्ति लगाई थी? सरकारी काम करने के तरीकों के विरुद्ध मैं रहा हूं लेकिन सारी गलतियों और सारी कमजोरियों के बावजूद मैं यह कहूंगा कि 1947 से लेकर 1990 तक इस देश में पूंजी बनाने का काम हुआ है और 1991 के बाद पूंजी बेचने की शुरूआत हमने की है। इस बात को सुनकर कोई भी सरकार, कोई भी प्रधान मंत्री, कई भी वित्त मंत्री या कोई भी विनिवेश मंत्री अभिमान के साथ या गौरव के साथ कैसे बोल सकता है? आज इस संसद में यह हालत है तो देश की गरीब जनता का क्या मनोबल होगा? आप उनको कब तक भ्रम में रखेंगे? कब तक आप उन्हें भुलावे में रखेंगे? आज वह समाज भी जग रहा है। हम इस बात को आज इसलिए कहना चाहते हैं कि हमारे आदिवासी, गरीब दलितों के मन में एक पीड़ा है, एक दर्द है। दलित और आदिवासियों के कितने लड़के और लड़कियां आज यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में पढ़ रहे हैं। ये कौन लोग हैं जिनको आज से नहीं सैकड़ों वार्षों से कहा गया था कि भगवान ने तुम्हें यही जीवन दिया है और तुम यही प्रारब्ध लेकर पैदा हुए हो। वे लड़के और लड़कियां आज इस बात को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं क्योंकि उन्होंने दुनिया की क्रांति और इतिहास पढ़ा है। उन्होंने इंक्लाव क्या होता है, यह देखा है। उनके सामने वियतनाम है, क्यूबा है, फ्रैंच रिवोल्यूशन है। उनके सामने रूस और चाइना की क्रांतियां हैं। उन्होंने देखा है कि यह कोई भगवान नहीं है। ये सब सरकारी नीतियां ही इन्हें गरीब बनाने की तैयारी कर रहे हैं और उसका नतीजा यह है कि उसी के कारण वे आज के इतिहास पर अपने कदम रखना चाहते हैं।

आप अपने अधिकार मांगते हैं। हमारे लिए एक ही रास्ता है, ऊंची आवाज सुनकर उसके मुताबिक नीतियां बनाओ या संसद में बैठे हुए मित्रों याद करो, आपके प्रस्तावों के जरिए राज सत्ता से सहारे उनकी भावनाओं को दबाओ । याद रखिए, इंसान का दिमागी परिन्दा कभी कफन में कैद नहीं होता। मानव चेतना को कोई बन्दी नहीं बना सकता । भूख की पीड़ा से उपजी हुई आग बड़े-बड़े महलों को जला देती है । कहीं यह आग जला न जाए संसद भवन, कहीं जला न जाए भारत का यह सारा ढकोसला, कहीं जला न जाए पीएमओ में बैठे हुए राज

नेता और नौकरशाह । मैं इसलिए चेतावनी देने आया हूं। मैं दुनिया के लोगों को चेतावनी देता हूं, जो इस देश के पर कब्जा करने के लिए तरह-तरह के आंकड़े लगा रहे हैं । एक बार आई थी ईस्ट इंडिया कम्पनी, बाहर से फौज लेकर नहीं आई थी । यहां भाई-भाई को आपस में लड़ा दिया, हिन्दू-मुसलमान को लड़ा दिया, सिक्ख-मराठा को लड़ा दिया और यहां काबिज हो गए । आज एक इंडिया नहीं, ईस्ट इंडिया कम्पनी नहीं, 1942 में अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा महात्मा गांधी ने दिया था। आज हम नारा दे रहे हैं - अंग्रेज, जर्मनी, जापानी, कनैडियन, अमेरिकन जो चाहे आओ, सब के लिए दरबाजे खुले हैं । सभापति जी, बड़ी बेदर्द है यह दुनिया। कोई किसी की मदद के लिए नहीं आता है, सब अपने फायदे के लिए आते हैं । गरीबों का शोण करने के लिए आते हैं । गरीबों को लूटने के लिए आते हैं । जो पूंजी लगाएगा, दस रुपए लगाएगा, तो बीस रुपए ले जाने के लिए आएगा । आज बड़े जोरों से भााण हो रहे हैं, लिखा जा रहा है कि हमने बड़ी तरक्की की है । हमारे पास बहुत पैसा रिजर्व बैंक में फारन एक्सचेंज का हो गया है । मैं इस बात को बार-बार सुनता रहा कि चन्द्रशेखर जी ने सोने को गिरवी रख दिया । मैंने तो चार महीने में कर्जा नहीं लिया था, लेकिन सोना जरूर गिरवी रखा था । पहले के लोगों ने कर्जा लिया था, लेकिन उनका कोई अपराध नहीं है। नीतियां गलत थी, यह दूसरी बात है। किस लिए सोना गिरवी रखा गया, इस पर सवाल उठ सकता है । हमारे गांवों में गरीब औरतें रहती हैं और कहती है कि हमारा पति इतना निकम्मा निकला कि हमारा गहना गिरवी रख दिया, वैसे ही राजनेता सोने को गिरवी रख दिए हैं और विलाप करते हैं । ये विलाप करके क्या करते हैं । देश की इज्जत बड़ी थी या देश का सोना बड़ा था । अगर देश की इज्जत बड़ी थी, तो देश का सोना गिरवी रखा जा सकता था । अब आप सोना ही गिरवी नहीं रख रहे हो, आप जमीन को बेच रहे हो । आपने कहा है कि किसानों की जमीन को बड़े पूंजीपतियों के हाथ में, चाहे वे हिन्दुस्तानी हों या विदेशी, लीज पर दी जा सकती है और वे बड़े-बड़े फार्म बना सकते हैं तथा वहां मशीनों के जरिए खेती होगी । दूसरी तरफ हमारे शान्ता कुमार जी का ब्यान कि हमारे पास अनाज रखने की जगह नहीं है । मैं सुना करता था, पढ़ा करता था कि अमरीका के लोग अपने अनाज को समुद्र में डुबा देते हैं, खड़ी फसल को जला देते हैं, लेकिन आप अपने अनाज को सड़ा रहे हैं और दूसरी ओर कालाहान्डी में लोग भूख से तड़प-तड़प के मर रहे हैं । यह देश को चलाने का तरीका है ? अगर कोई दुर्घटना घट जाती है, गुजरात में जो कुछ हुआ, अगर कोई आवाज उठाता है, मान लीजिए कोई गलत आवाज उठाता है, तो हमारे प्रधान मंत्री को सारा पौरु जाग उठता है । मैं उस दिन यहां नहीं था । एक विरठ सांसद को कहते हैं कि मैं कठघरे में खड़ा करूंगा। प्रधान मंत्री जी आप कठघरे में खड़े हैं । आपको कठघरे में खड़ा किया है, आपके सरकारी नौकरों ने, जो अखबारों में ब्यान देते हैं । आपको कठघरे में खड़ा किया है, आपकी नेशनल एक्जीक्युटिव के मैम्बर ने । जो रोज-रोज ब्यान दे रहे हैं अखबारों में नहीं, टीवी के जरिए और सारा देश सुन रहा है। महिला दिवस पर महिला सदस्य कह रही थी, जो सदन में अभी नहीं है, कि अटल जी ने महिला दिवस पर बड़ा भारी काम किया है, इसलिए उनको नोबल पीस प्राइज मिलना चाहिए । इधर मैं सुनता था, सीज फायर हो रहा है और हमारे नौजवानों के मौत के घाट उतारने के लिए छोड़ दिया है, ताकि दुनिया के लोगों को हम कह सकें कि पाकिस्तान दुश्मन है शांति का और हम शांति के पैगाम्बर हैं और हमें शांति के लिए बड़ा पीस नोबल प्राइस मिलना चाहिए । कहां गए, अफगानिस्तान के बुराहानुद्दीन ।

अमेरिका की दो एम्बेसीस को उड़ा दिया। उसके जहाज को ध्वस्त कर दिया। उसके ऊपर अगर इनका मिसाइल नहीं चला तो आपकी मदद के लिए अमेरिकन मिसाइल कारगर नहीं होगी। हमारे मित्र विदेश मंत्री हैं, जिसके जरिए वे बात करते थे और आपको भी आश्वासन देते थे। वे अब नहीं रहे, कहीं चले गए। डुबते हुए सूरज को कोई सलाम नहीं करता, कोई प्रणाम नहीं करता। डूबते हुए सूरज को प्रणाम करके नये सवेरे की ख्वाहिश करने वाले लोग देश को नहीं चला सकते।

महोदय, मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि राद्रपति जी के पद की गरिमा को इस अभिभााण से कम करने की कोशिश की गई है। मैं इतना जरूर कहूंगा कि राद्रपति जी ने समय-समय पर राद्र को चेतावनी देकर अपने पद की गरिमा ही नहीं रखी, बल्कि राद्र की बड़ी सेवा की है। इसलिए मैं राद्रपति जी का अभिनंदन करता हूं। मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि "मत आंख मिचौनी खेलो, मत दुनिया को भ्रम में डालो, मत भारत के लोगों को भूल-भूलैया में डालो। " बुरे दिनों में साथ मिल कर काम करने की जरूरत है और लोगों को सही बातें बताने की जरूरत है। इसलिए मैंने विवश होकर अपनी भावनाएं इस समय आपके सामनी कही हैं।

श्री प्रसन्न आचार्य (सम्बलपुर) : महोदय, राद्रपति जी के अभिभााण पर जो धन्यवाद प्रस्ताव यहां आया है, मैं उसका समर्थन करने के लिए यहां खड़ा हुआ हूं। इस प्रस्ताव पर बोलने के दौरान सरकार का जो सराहनीय कार्य है, उनके लिए हम जरूर धन्यवाद देंगे लेकिन सरकार के कुछ ऐसे कार्य भी है, जिनमें कोई दिशा नहीं है, कोई उचित मार्गदर्शन नहीं है, उनकी हम आलोचना भी करेंगे।

महोदय, राद्रपति जी के अभिभााण में ऐसे कुछ मुद्दों का उल्लेख है, जिन पर हमें गौर करना चाहिए और जिसके लिए हमें सरकार को बधाई देनी चाहिए। कम्युनल टेंशन के बारे में इस सदन में काफी चर्चा हो चुकी है। मुझे आंकड़े तो मालूम नहीं हैं, लेकिन विगत 52-53 सालों के दौरान, जब से अटल जी ने देश का कार्य-भार संभाला है, प्रधान मंत्री बने हैं, इन तीन सालों में हमें ऐसा लगता है कि कम्युनल डिस्टरबेंसेस में काफी कमी हुई है। वैसे कहने वाले बहुत तो कहते हैं, लेकिन आप देखिए कि इस देश में पिछले सालों में हुए दंगों में जहां हजारों लोगों की मौतें हुई हैं, कितने बड़े-बड़े दंगे हुए, इन तीन सालों के दौरान ऐसा कोई भी दंगा नहीं हुआ है, जिसमें सौ लोगों की मौते भी हुई हों या लोगों की सम्पत्ति बर्बाद हुई हो। इधर-उधर कुछ छिट-पुट घटनाएं हुई हैं।

महोदय, यह विशाल देश है, यहां तरह-तरह के लोग रहते हां। हर धर्म, साम्प्रदाय के लोग रहते हैं। यह स्वाभाविक है कि इतने बड़े देश में, जहां सौ करोड़ से ज्यादा आबादी है वहां ऐसी कुछ घटनाएं घटें। अभी काफी वक्ता कश्मीर में युद्ध विराम के बारे में चर्चा कर रहे थे। ऐसी भी समालोचना हो रही है कि अटल जी का सम्मान बढ़ाने के लिए विश्व में युद्ध विराम का फैसला सरकार बार-बार कर रही है। मुझे ऐसा नहीं लगता है क्योंकि अटल जी की गरिमा तो वैसे ही बढ़ी हुई है। उस गरिमा को और बढ़ाने के लिए ही युद्ध विराम का फैसला सरकार नहीं कर रही है।

राद्रपति जी के अभिभााण में और उस समय जब श्री मलहोत्रा जी अपना प्रस्ताव आगत कर रहे थे, प्रधान मंत्री जी की जो परिकल्पना थी कि पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक पूरे राद्र को जोड़ना होगा और इसके लिए संचार और सड़क निर्माण की जो योजना प्रधान मंत्री जी की थी तो वह केवल सड़क और संचार का सवाल नहीं है बल्कि पूरे राद्र को जोड़ने की भावना इसमें समाहित है। इसलिए उनके इस कार्यक्रम को हम पूरा-पूरा समर्थन देते हैं।

बजट के दिन राजस्व मंत्री जी ने आगत किया कि जो कृि पर डब्ल्यू.टी.ओ का भयंकर प्रभाव है, उसको चैक करने के लिए आयात ड्यूटी में काफी बढ़ोत्तरी की है। मुझे विश्वास है कि आने वाले दिनों में इस फैसले के अच्छे आसार किसानों के लिए होंगे और उनका भला होगा।

सभापति जी, सरकार के कुछ कदम बहुत अच्छे हैं। गुजरात के भुकम्प के बारे में इस सत्र में भी सरकार की बहुत आलोचना हो चुकी है। गुजरात के भुकम्प में मरने वाले लोगों के प्रति पूरे देश और विश्व को सहानुभूति है। हम चाहते हैं कि गुजरात के लोगों के लिए ज्यादा से ज्यादा मदद पहुंचाई जाए क्योंकि पिछले 50 सालों में इस देश में इतना बड़ा भूकम्प कभी नहीं आया। हजारों लोग मरे हैं और लाखों बेघर हो

चुके हैं और इस स्थिति से उबरने के लिए गुजरात के लोगों को पूरी मदद मिलनी चाहिए लेकिन साथ ही साथ देश के अन्य प्रांतों में भी जहां पर प्राकृतिक आपदाएं आयी हैं उनको भी हमें भुलाना नहीं चाहिए।

सभापति महोदय, डेढ़ साल पहले उड़ीसा में चक्रवात आया था और सरकारी आंकड़ों के हिसाब से दस हजार से भी ज्यादा लोग मरे लेकिन गैर-सरकारी हिसाब से मरने वालों की संख्या 25 हजार से ज्यादा है। सौ से ज्यादा गांव समुद्र में विलीन हो गये। जो लोग गुजरात में मरे वे बिग-अपार्टमेंट्स में रहने वाले थे लेकिन जो लोग उड़ीसा के चक्रवात में मरे, वे समुद्र के किनारे रहने वाले गरीब लोग थे जिनके नाम वोटर लिस्ट तक में नहीं थे। इसलिए सरकारी आंकड़े ठीक नहीं हो सकते हैं। जब चक्रवात आया तो उड़ीसा के लिए बहुत मदद आई, इसके लिए हम भारत सरकार को धन्यवाद देना चाहते हैं लेकिन उड़ीसा के लिए ब्लैंक-चैक इश्यू नहीं किया गया। दो-तिहाई उड़ीसा तबाह हो गया। सभापति महोदय, उड़ीसा की आर्थिक स्थिति आपको मालूम ही है। आज उड़ीसा 20 हजार करोड़ रुपये से भी ज्यादा के लोन-ऋण में घिरा हुआ है। हर साल 2900 करोड़ रुपया उड़ीसा सरकार को अपने मूल और ब्याज का देना होगा। आज अपने सरकारी कर्मचारियों को तनख वाह देने के लिए उड़ीसा सरकार के पास पैसा नहीं है। जब हमने उड़ीसा के लिए ज्यादा पैसा मांगा तो हमसे कहा गया कि भारत सरकार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है।

सभापति जी, मैं एक बार फिर दोहराना चाहता हूं कि गुजरात सरकार को और ज्यादा मदद देनी चाहिए लेकिन उड़ीसा जैसे राज्य की भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए।

कभी-कभी मन में यह भावना पैदा होती है कि इस देश में क्या दो प्रकार का व्यवहार होता है? यह एक राट्रीय सरकार है। सरकार हर प्रान्त के लोगों को समान दृटि से देखे। वहां आठ लाख मकान पूरी तरह टूट और बिखर गए। We got help only to construct three lakh houses. How will the Government of Orissa build up other houses? डेढ़ साल हो गया है, अभी भी चक्रवात से प्र भावित हजारों लोग खुले आकाश के नीचे रहते हैं। वहां पिछले साल चक्रवात आया और इस साल सूखा पड़ा है। उड़ीसा सरकार को मेगा प्लांट के लिए 70 करोड़ रुपए की जरूरत थी लेकिन केवल साढ़े चार करोड़ रुपए मिले और 50 हजार रुपए एन.पी.ए. के लिए मिले। इसके अलावा उसे हर माह के लिए 16 हजार मीट्रिक टन चावल, 4100 मीट्रिक टन गेहूं मिला और वह केवल तीन महीने के लिए मिला। फूड फॉर वर्क के लिए फ्री ऑफ कॉस्ट फूड ग्रेन्स कम्पोनैंट के तौर पर मिले। जिस राज्य सरकार के पास तनख्वाह देने के लिए पैसा नहीं था. उसके पास फूड फॉर वर्क के लिए कैश कम्पोनैंट्स कहां से आएंगे? पूरे देश के लोगों का सरकार को ख्याल करना चाहिए।

किसानों के बारे में काफी चर्चा यहां हुई। अनेक प्रान्तों के यहां प्रतिनिधि हैं। उन्होंने डिसट्रैस सेल के बारे में सवाल उठाया। आपकी स्टेट में डिसट्रैस सेल हुआ और उड़ीसा में भी हुआ। मुझे चन्द्रशेखर जी की बात से ताज्जुब हुआ। कालाहंडी में भुखमरी की रिपोर्टें आ रही हैं। अभी भी उड़ीसा के कई इलाके ऐसे हैं जहां धान की पैदावार हुई लेकिन वह बिक नहीं रही है। यह कैसा सिस्टम चल रहा है? मैं किसी प्रान्त के खिलाफ बोलना नहीं चाहता लेकिन सरकार किस दिशा में चल रही है? पंजाब के किसानों का गेहूं बाजार में बिका नहीं। इससे पंजाब के किसानों को नुकसान हुआ। आपने 300 करोड़ रुपए का घाटा पूरा किया। आपने तमिलनाडु, आन्ध्र प्रदेश और उड़ीसा के किसानों के नुकसान की भरपाई क्यों नहीं की? क्या आप उन्हें मुआवजा देंगे? अगर सरकार हर डिसिजन पॉलिटिक्ल कम्पलशन से करेगी तो यह सरकार और देश कैसे चलेगा? मेरी समझ में यह बात नहीं आती है।

11वें वित्त आयोग की रिपोर्ट लीजिए। अभी इस पर कुछ देर पहले चर्चा हो रही थी। कुछ बैकवर्ड स्टेट्स को 11वें वित्त आयोग की रिपोर्ट से आशाएं पैदा हुई हैं। मैं फिर उड़ीसा की मिसाल देना चाहता हूं। वहां साढ़े छः करोड़ रुपए का घाटा हुआ. due to wrong recommendation, wrong calculation of the Eleventh Finance Commission. पेंशन के बारे में गलत आंकड़े लगाए गए। रिपेमेंट हुआ नहीं। इंटरस्ट से मिलने वाले पैसों के भी गलत आंकड़े लगाए गए। हमारे यहां की सरकार इस बारे में चिल्लाई और उसने मैमोरंडम दिया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

मुझे याद है कि पिछले सत्र में कोल के बारे में सदन में चर्चा हुई थी। भारतवर्ा में जितना कोल का रिजर्व है उसका 24 परसैंट उड़ीसा में है। पहले सबसे ज्यादा रिजर्व बिहार में था लेकिन अब वह झारखंड में है। आपने पिछले सात साल में कोल रायल्टी का रिविजन नहीं किया। ऐसा लगने लगा है क्योंकि ज्यादा कोल का रिजर्व बिहार में था,

शायद लालू प्रसाद ताकतवर बन जायेंगे, बिहार को कोल के लिये ज्यादा पैसा मिल सकता है। आपने रिवीजन नहीं किया। अब तो झारखंड में कोल माइन्स हैं और लालू प्रसाद के चंगुल से मुक्त कर दिया है, तब रॉयल्टी क्यों नहीं देते हो? Orissa State alone is losing around Rs. 180 crore against coal royalty every year because there is no revision of royalty on coal.

यह नहीं कि बिहार और छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़े हुये हैं, और भी कई राज्य हैं जहां ऐसी खनिज सम्पदा मौजूद है। क्या आप उनकी मदद नहीं करोगे? क्या पौलिटिकल कंसीड्रेशन का डिसीजन लेंगे और उनका जो हक है, वह नहीं देंगे। You cannot have uniform development of the nation, of the country. आप रीजनल इम्बैलेंस को बढ़ावा दे रहे हैं। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि वह अपना रवैया स्पट करे।

सभापति जी, राट्रपति जी के अभिभााण में स्वतंत्र राज्य बनाने का जिक्र है। झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तरांचल राज्यों का निर्माण हुआ। सरकार को इस बात पर गौर करना चाहिये। You have created three States, but what are its economic and political implications on other States of the country? मैं उड़ीसा राज्य से आता हूं जिसके एक तरफ झारखंड राज्य है तो दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ राज्य है। छोटे छोटे राज्य् बनने से पौलिटिकल इम्पलीकेशन हो रहा है, इसके बारे में सरकार को गौर करना चाहिये। The Government has to take into consideration its impact on other States.

आप आंख बंद करके नहीं बैठ सकते हैं। मैं एक उदाहरण देना चाहूंगा कि उड़ीसा में कोस्टल राज्य बनाये जाने का आन्दोलन शुरु हो गया है। सभापति महोदय, आपका राज्य भी इस आन्दोलन से मुक्त नहीं रहा। वहां तेलंगाना राज्य का आन्दोलन काफी समय तक चला और Now, people have started demanding creation of a separate State called the 'Coastal State' which is adjacent to Chhattisgarh. This is the immediate political implication on Orissa.

सभापति महोदय, इसलिये मेरा सरकार से निवेदन है कि वह इस बारे में गंभीरता से सोचे। मुझे याद है कि जब इस सदन में झारखंड राज्य बनाये जाने के लिये बिल पारित किया गया था तो हमने उस समय कहा था कि सरायकेला और खरसांवा उड़ीसा राज्य को दे दो। अभी

गृह मंत्री जी यहां नहीं बैठे हैं लेकिन उन्होंने जवाब देते समय कहा था कि जब झारखंड प्रदेश बन जायेगा तो the Central Government will take the initiative to start a dialogue between the Government of Orissa and the newly created Jharkhand State to sort out the matter. I appeal, through you, to the Government, particularly to the Home Minister, now that time has come, the Government of India should come forward to initiate a dialogue between the State of Chhattisgarh and the State of Orissa to sort out this half-a-century old problem of Saraikela and Kharswan.

DR. NITISH SENGUPTA (CONTAI): It is Jharkhand and not Chhattisgarh as you mentioned.

SHRI PRASANNA ACHARYA : Yes. Earlier, it was in Bihar; now, it is in Jharkhand. So, the dialogue should begin between the Government of Orissa and the other Government, and the Government of India should initiate that discussion.

DR. NITISH SENGUPTA : It is a very genuine request.

श्री प्रसन्न आचार्य : सभापति महोदया, मुझे मालूम नहीं आज सुबह जीरो ऑवर में काफी महिला सदस्यों ने वूमैन रिजर्वेशन बिल के लिए अपनी आवाज उठाई। अब बाहर दुनिया के लोग भी हम पर हंसने लगे हैं कि हर सत्र में इस बिल के बारे में हम चर्चा करते हैं और यह फैसला करते हैं कि इस बिल को हम पारित नहीं होने देंगे। इस पर सरकार में जो सिन्सेरिटी है वह मुझे मालूम नहीं, how far sincere the Opposition is. But at least, the Government, in this Session, should show its sincerity and bring forward the Womens' Reservation Bill. Let the Bill be discussed thoroughly and let the Government take the initiative to get it passed in this House in this Session itself.

सभापति जी, मुझे ज्यादा कुछ नहीं बोलना है, मैं केवल एक बात फिर से दोहराना चाहता हूं कि उड़ीसा भारत का सबसे गरीब राज्य है, पहले बिहार होता था।

Sir, as per a recent survey, the State of Orissa has the highest percentage of population living below the poverty line. It is 47 per cent. The report of the survey is really alarming. I would like to urge upon the Government to rescue such a poor State − where the percentage of people living below the poverty line is the highest − at the time of their financial crisis. अगर केन्द्र सरकार ऐसा नहीं करती है तो इस देश में रीजनल इम्बैलेन्स बढ़ेगा, इस देश की ग्रोथ, प्रगति ठीक ढंग से नहीं हो पायेगी। मेरा केन्द्र सरकार एक निवेदन और है कि हर डिसीजन को पोलिटीकल कंसीडरेशन पर न ले। यह एक गलत परम्परा है। जिस देश का प्रधान मंत्री अटल जी सरीखा आदमी हो। जो केवल भारतीय जनता पार्टी के नेता ही नहीं है, इस देश के प्रधान मंत्री ही नहीं है, बल्कि वह इस राट्र के सर्वोत्तम नेता हैं। उनके प्रधानमंत्रित्व के तले ऐसा नहीं होना चाहिए। मुझे यहां दुख के साथ कहना होता है कि केन्द्र सरकार में ऐसे भी मंत्री हैं जो अपने डिसीजन के जरिये, अपने कार्यों के जरिये अपना नेशनल कन्सेप्शन, अपना नेशनल आउटलुक नहीं दिखा सकते हैं।

Sir, they are not showing a national character and outlook. Suppose, I belong to a particular State and I am in charge of a particular Ministry, so should everything under my Ministry go to my State? If the Minister for Communications hails from the State of Orissa, then should everything under the Ministry of Communications be given to the State of Orissa only? If the Railway Minister is from the State of Andhra Pradesh, then should everything under the Ministry of Railways go to the State of Andhra Pradesh only?...(*Interruptions*) This thing smacks of a very dangerous mentality. Such an attitude does not reflect the true character of a national Government. I am not criticising the Government. I am very much an ally of the Government. But this what is really happening today. This is hurting us the most.

Sir, therefore, I am sorry to state that in a coalition where a personality of an international repute, Shri Atal Bihari Vajpayee, is the Prime Minister and is the leader of the Government, in such a Government there are people who behave in a parochial manner and do not have a national outlook.

MR. CHAIRMAN : Shri M.V.V.S.Murthi, please conclude within 10 minutes.

SHRI M.V.V.S. MURTHI (VISAKHAPATNAM): Sir, though our Party's strength is the fourth largest in this House and is the second largest in the ruling coalition, yet you have given me a chance to speak at the fag end. If you do not want me to speak, then I would not speak. But you should give me freedom to speak. It is a very important debateâ€¦ (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Dr. S.Venugopal has already spoken.

SHRI M.V.V.S. MURTHI : Sir, he was the seconder of this Motion. So, he is not to be included as having spoken from the Party.

MR. CHAIRMAN: That is why I have given you a chance to speak.

SHRI M.V.V.S. MURTHI : Sir, as per the rules, the Seconder of a Motion is not considered to have spoken from the Party.

Mr. Chairman, Sir, His Excellency, the President has given us an opportunity to hear about the

performance of this Government. He has rightly spoken on several issues.

17.00 hrs.

Our country is a great country. It can withstand any difficulty. Our democracy will continue to prosper. We have seen the Kargil war; we have seen one of the major cyclones in Orissa; we have seen the floods in West Bengal last year and now we have recently been through the devastation of Gujarat earthquake. Even after all these disasters, the stability, integrity and unity of our country are being maintained at the highest standards. We have seen all these disasters taking place but we have not been able to take any permanent measure to combat such disastrous events in future.

Shri Mulayam Singh has stated that the President has mentioned a growth rate of nine per cent. Hon. President has stated that as against the target of nine per cent growth rate, we could achieve seven per cent. Achievement of seven per cent is also not small in the midst of the problems the country has had to face over the last one year. Perhaps, we were not able to come up to nine per cent growth rate because of these disasters. Hon. President has stated that if nine per cent annual growth rate is achieved over the next ten years, we can eliminate poverty altogether. However, whether we would be able to achieve that nine per cent growth rate or not is to be seen. Over the past three years we have not been able to achieve more than 6 per cent to 7 per cent growth rate. So, the Government has to say something on this.

It is surprising to know that the agricultural production has also come down this year by 10 million tonnes. This could be because of the severe drought we have had. The coming down of agricultural production to 199 million tonnes this year is a disturbing feature. This trend has to be checked by the Government and find out as to what the reasons for our agricultural production coming down could be. Some Members said that even with this poorer agricultural production we are facing problems of storage as there is no storage space available. Farmers are not able to sell their stocks in time. Farmers are starving for want of money. Since they are not able to sell their produce, they are not able to clear the debts they have taken for agricultural operations. This is a distress situation for farmers. Poor production in itself is an alarming factor but our inability to store the produce properly, or to export it is another problem. However, the coming down of agricultural production should be our main concern now.

Two-thirds of our population consists of farmers who live in villages. We do not have the facility of safe drinking water in many villages. After 52 years of Independence, many States are yet to provide potable water to millions of their people. Even with the national water policy we are not able to tackle this problem. We have mighty rivers as well as small ones. Waters of many of these rivers are flowing into the sea wastefully.

We would not be able to save water. There may be small Inter-State disputes about water also. But it can be sorted out. So, the Government should sort out the Inter-State disputes on water management at the earliest. If water is properly diverted for irrigation and drinking purposes, our country will become much more comfortable.

Sir, many of our villages are poverty-stricken because of the high cost of agricultural inputs, low cost recovery of the end product and their produce. They are not able to send their children to schools even now, as there are very few schools, that too far away from their houses.

Sir, we say that our country is booming on the information technology. It is true that we are in the forefront in comparison with so many other countries on the information technology side but at the same time we cannot ignore the fact that the majority of the people in our country, who are living in the villages, are not being provided with the basic amenities and facilities. So, I think, it is high time that we should have all these measures.

Sir, on the industrial production side, the country's backbone is the small scale industries. Though in the last two years, some sops had been given, some comforts had been given, some succour had been given to the small scale industries but in the recent Budget, there were some harsh measures taken. The excise duties have been increased. If excise duties are increased how can these small scale industries compete with the large ones? A majority of our population depend on running the small scale industries. So, the small scale sector should not be treated this way. They also need some succour. I am sure that this area will be looked into properly by the Government.

Sir, coming to the energy sector, I would say that there is no energy vision. They say that by 2005, all the electricity problems would be over. But I am afraid as to whether this target would be achieved. Almost all the States of our country are facing this problem, and they are not able to meet the needs of the

farmers even in regard to giving a minimum hours of electricity. In my view, this is going to pose a very serious threat, if immediate steps are not taken. So, this aspect has to be looked into properly by the Government.

Sir, another aspect which I need to cover is employment opportunities for youths. Today's youths have got great hopes and aspirations on this Government, particularly on Shri Atal Bihari Vajpayee's Government, that good things would happen for them. Nowadays, employment opportunities are diminishing instead of increasing. So, they should spell out a clear-cut policy to see how the unemployed youths of this country will be productively employed. Sir, it is not only the question of employment, we should provide them the opportunities. If we are not able to save the youths of our country by way of providing them proper employment, our country will be in great distress. So, all possible steps are required to be taken in this regard.

Sir, coming to the agricultural inputs, there is every possibility of increasing the cost of agricultural inputs because of the WTO measures by way of removing the quantitative restrictions in the days to come. It is going to be a very serious problem if it is not tackled properly. For that, they need to have some serious discussion here, and the implications involved in it have to be explained to us.

With regard to healthcare, the TRIPs agreement has come into operation. Any patented drug has to be kept for 20 years. It cannot be manufactured here. Formerly, in India, at least a few varieties of drugs were being manufactured. Now, as Shri Mulayam Singh Yadav has said, the cost of medicines and life saving drugs has gone very high and at the same time we cannot manufacture them in India. The ordinary people will really be in trouble. The multinationals will come and operate here and our healthcare sector will be seriously affected. So, this is also a problem of concern and we have to hear from the Government how they are going to tackle this.

As far as the States are concerned, all the States have become very poor. Day by day, they are becoming poorer. The policies of the Central Government and the State Governments are not coming together. Let us take for example the State of Andhra Pradesh. In the recent Budget, the total revenues of Andhra Pradesh are Rs.8,900 crore and the total revenue expenditure is Rs.8,450 crore. So, what is left is a meagre amount of about Rs.350 crore to Rs.400 crore. If that is the surplus, how can they carry on the developmental activities?

The problem of the Central Government is the problem of the States also. If the State's economy is sound, the country's economy would also be sound. If all the States were in a debt trap, automatically the country would also be in a debt trap. So, instead of giving them lower measures of 27 per cent or 29 per cent of the revenues, every State should be given 50 per cent of the revenues. Instead of the Centre operating the schemes themselves, let the States operate them. They better know the priorities. The Secretary here might fix a priority that might not be needed in the State. So, how can you fix priorities through a remote control and ask the States to develop? It is unfair. The Union Government should take this seriously instead of keeping all the powers and rights in their chest.

It is not a question of keeping all the powers in your chest. It is a question of keeping the people happy; it is a question of keeping the country. So, the devolution of 50 per cent should also be thought over seriously one day or the other. I am not talking because of simple politics. I am not talking only about Andhra Pradesh. I am talking about the entire country. Is it not required that all the States should develop and all the brethren of our country should be happy? How can you send money for some schemes and at the same time allege that the money you have sent has not been spent for the purpose for which it has been sent? Perhaps, you might have sent some money for road construction but somewhere else there might be starvation or floods. Do you think that that money for road construction should not be diverted to meet such needs? This is a matter that should be thought over very seriously.

You should one day or the other give them self-dependence. Let them stand on their own legs. There has to be self-reliance. Ours is, after all, a Union of the States. The Government of India cannot be merely dictating terms to the States. If you do that, the States would not prosper. This is why they are going into a debt trap. I feel, Andhra Pradesh is one of the well-managed States. After seeing the recent Budget, I can daresay that even that State would also go into a debt trap. This is a serious problem. It has to be addressed one day or the other. ...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ): The States are also sometimes required to strengthen their fiscal discipline.

SHRI M.V.V.S. MURTHI : It applies to every State. It applies to all the States.

The total fiscal deficit is 10.2 per cent for the country and approximately 5.5 per cent for the States.

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Do you support the diversion of plan funds to non-plan activities in any State of India?

SHRI M.V.V.S. MURTHI : It is not the question of diversion of non-plan funds to plan and of plan funds to non-plan. I am not going into those details. The States have to have their own priorities and plans.

MR. CHAIRMAN : The Finance Minister will reply to your question.

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : I just want to know his opinion. I am also a victim as you are. I only want to know, if the plan funds get diverted to non-plan activities, how does the States grow?

SHRI M.V.V.S. MURTHI : It is the question of priority. As the Finance Minister himself agreed, the total fiscal deficit of the country is more than 10 per cent.

However, I congratulate this Government for keeping the level of inflation within single digit. It has not crossed the single digit mark. The Government deserves congratulations for that.

At the same time, I would like to say that poor people of this country are not getting their due share and they are neglected. The total number of poor people has doubled since Independence, though their percentage has come down to 27. We have to think about them.

Similarly the job opportunities for Scheduled Castes and Scheduled Tribes have to be improved and the backlog has to be totally cleared so that at least the poorest of the poor who come from those sections will have the same level of comfort.

The President's Address is well written, but it is voluminous. It has mentioned everything from 'Kumbhmela' to 'rapid strides in space science'. There is no need to mention about all these things. Let them have the priorities, instead of narrating all these things. They have to just mention what is their vision for this year, like we wanted to take up such and such issues and these will be our priority issues, etc. But it has not mentioned anything like that. They only narrated those things. At least in the years to come, they have to prioritise issues in the country. Somewhere in the country there is poverty, somewhere else there is earthquake, at some other place, there are starvation deaths, and there is flood somewhere else. In such a vast country like ours, we should have some priorities. We must also use our natural resources. We are not putting to use all our natural resources and they are going waste. If all our natural resources are put to use, really our country will be on the map of 'developed countries' and really we will have fruits of freedom, which we could give to the members of our society. By this, we could eliminate poverty and we could really develop.

I am sure, our seasoned Prime Minister knows all these things.

SHRI HANNAN MOLLAH (ULUBERIA): You have opposed everything and you supported everything also.

SHRI M.V.V.S. MURTHI : I have not opposed anything. I am just bringing all these things to the attention of the Government. If this Government cannot do those things, no other Government can do at the present juncture. This is the best Government that the country has ever had and Shri Vajpayee is the best Prime Minister in the post-Independence days. We fully acknowledge that he is the best Prime Minister. He sat in the Opposition Bench also and he knows everything. If the Government takes care of those things and takes those steps, our country would really prosper.

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी : आदरणीय सभापति महोदय, महामहिम राद्रपति परम्परा के नाते संसद के दोनों सदनों के समवेत अधिवेशन को सम्बोधित करते हैं। यह माना जाता है, यह मान्यता है कि सरकार की प्राथमिकताएं, हमारे देश की जो ज्वलंत समस्याएं हैं, चुनौतियां हैं, उनको देखते हुए सरकार का आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक चिंतन इस अभिभााण के द्वारा हम देश के सामने प्रस्तुत करते हैं। स्वाभाविक है कि देश की जनता यह अपेक्षा करती है कि देश के हित में इन प्राथमिकताओं का प्रतिपादन, देश के संसाधनों का नियोजित ढंग से कैसे उपयोग किया जाएगा। इसके लिए नीति और कार्यक्रम तय होने चाहिए। विगत वार्ों में राद्रपति जी ने अपने अभिभााणों में जिन बातों को लक्ष्य के रूप में प्रतिपादित किया था, उनको किस हद तक हमने पाया है, किस हद तक नहीं पा सके हैं, इस सम्बन्ध में भी एक विवरण और एक ब्यौरा इस अभिभााण में देने की परम्परा रही है। सच पूछें तो राद्रपति जी का अभिभााण सरकार के चरित्र का एक आइना होता है। उसकी नीतियों का, उसके मंतव्य का एक दर्पण होता है, जिससे पता चलता है कि सरकार किस दिशा में जाने वाली है। पिछले दो-तीन अधिवेशनों में हमने देखा है कि राद्रपति जी ने अभिभााण दिए थे, उन अभिभााणों के माध्यम से सरकार ने इस देश की जनता के सामने अपनी नीतियों और कार्यक्रमों का उल्लेख किया था, खुलासा किया था।

सभापति महोदय, मैं समझता हूं कि पहले हम इस बात की छानबीन कर लें कि दरअसल पिछले दिनों में जब राद्रपति जी ने जिन अभिभाषणों में अपने लक्ष्य निर्धारित किए थे, उनका क्या हुआ, उनकी परिणति क्या हुई, परिणाम क्या हुआ। हम कहां तक पहुंचे, इस बात की ओर थोड़ी सी हम पहले नजर डालें। मैं इस सरकार के चरित्र का पहले उल्लेख इस बात से करना चाहता हूं कि यह वा हमारे गणतंत्र की स्वर्ण जयंती का समापन वा है और एक नई सहस्त्राब्दी के प्रथम वा का प्रथम राद्रपति अभिभााण है। हमारे लिए यह नितांत शर्म की बात है

कि हमने अपने देश के उन महान नेताओं का एक जगह भी इस राट्रपति के अभिभााण में उल्लेख तक नहीं किया, जो इस देश के नव-निर्माण के शिल्पकार थे। गांधी और नेहरू का कहीं भी इस पूरे अभिभााण के अंदर उनको स्मरण तक नहीं किया गया। उनके प्रति सम्मान तक व्यक्त नहीं किया गया। यह दिखाता है इस सरकार की सोच कि सरकार के मन में इसकी नीतियों में, इसकी करनी में और कथनी में जो अंतर है और जो अंतर्विरोध है, यह उसको स्पट करता है। मैं इसकी ओर सारे सदन का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं।

इसके बाद मैं सरकार के चरित्र के दो-तीन और उदाहरण यहां रखना चाहता हूं। हमारे देश में हमारे संविधान निर्माताओं ने विशोरूप से इस बात का ख्याल रखा था कि देश के एक बहुत बड़े हिस्से में, न केवल मध्य प्रदेश में, छत्तीसगढ़ में, आंध्र प्रदेश में, बल्कि ऐसे राज्यों में भी जो हमारे पूर्वोत्तर राज्य हैं, जो अन्य देशों की सीमाओं से लगे हुए हैं, जिनमें बहुत बड़ी संख्या में आदिवासी निवास करते हैं, उनकी अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराएं हैं, लेकिन आर्थिक और सामाजिक रूप से इन जातियों के संरक्षण की आवश्यकता महसूस करते हुए हमारे देश के संविधान निर्माताओं ने इस देश के संविधान की पांचवीं अनुसूची में इस बात का विशो प्रावधान किया था कि ऐसा आदिवासियों की जमीन, उनकी सम्पत्ति तब तक कोई अन्य व्यक्ति हस्तगत नहीं कर सकेगा, केवल सरकार, राज्य सरकार और केन्द्र सरकार, इस शर्त पर ले सकती है जब जनहित में ऐसा करना आवश्यक हो। यह प्रावधान इस अनुसूची में किया गया है।

सारे देश के हमारे आदिवासी लोग काम पा सकते थे हमारे संविधान के निर्माताओं के द्वारा लेकिन इस सरकार का चरित्र मैं आपको दिखाना चाहता हूं। अभी हाल ही में 'बालको' और विनिवेश के ऊपर इस सदन में बहस हुई। बालको का जब विनिवश किया गया, यह बालको कंपनी, भारत सरकार का संस्थान था। इसलिए छत्तीसगढ़ क्षेत्र में आदिवासियों की हजारों एकड़ जमीन सरकार ने जन हित में अर्जित की थी और यह जमीन पब्लिक सैक्टर अंडरटेकंग के लिए ली गई थी। अंडर हैंड डीलिंग शुरू हो गई और परिणाम यह हुआ कि पांच वीं अनुसूची का सरासर उल्लंघन करते हुए आदिवासियों की हजारों एकड़ जमीन प्राइवेट हाथों के अंदर देखते-देखते चली गई। अंदर ही अंदर कौन सा समझौता हुआ कि उसकी बू सब जगह आज आ रही है और लोग महसूस कर रहे ह कि उसके अंदर कोई न कोई बहुत बड़ा आर्थिक घोटाला हुआ है। संविधान का उल्लंघन करके आदिवासियों की वह जमीन दूसरे लोगों को देने की कोशिश की जा रही है। मैं आज इस सदन में बड़ी गंभीरता से एक बात कहना चाहता हूं कि मुझे इस बात की जानकारी है और मुझे इस बात की सूचना भी मिली है तथा सरकार में ही कुछ लोगों के माध्यम से सूचना दी गई कि सरकार का इरादा आने वाले समय के अंदर संविधान की पांचवी अनुसूची को संशोधित करके और उसके पुन: सारे अधिकार समाप्त करके इस देश के करोड़ों आदिवासियों के साथ अन्याय करने का बहुत बड़ा ा डयंत्र इस देश में रचा जा रहा है। मैं इस बात के लिए सदन को चेतावनी देना चाहता हूं कि यदि ऐसा हुआ तो सरकार की यह मंशा किसी कीमत पर पूरी नहीं होने दी जाएगी। इस देश के सारे विरोधी दल ही नहीं, इस देश के सारे एससी, एसटी के लोग ही नहीं बल्कि इस देश के सारे नागरिक इस बात पर आंदोलित हो उठेंगे और ऐसी किसी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा।â€¦( व्यवधान)

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : संविधान के संबंध में जो बातें कही जी रही हैं, मैं जानना चाहता हूं कि उनका क्या आधार है? â€¦( व्यवधान)

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी : मेरे स्रोतों के लिए मुझे आपको बताने की आवश्यकता नहीं है और मेरी कोई मजबूरी भी नहीं है। मैं अपनी बात को जारी रखते हुए एक दूसरा उदाहरण देना चाहता हूं। मेरे कांग्रेस के लोग या विपक्ष के लोग सरकार की आलोचना करें और भ्रटाचार को उजागर करें तो यह लगेगा कि राजनैतिक कारणों से वे ऐसा कर रहे होंगे। इसके पीछे हमारे राजनैतिक उद्देश्य होंगे, ऐसी आशंका उठाई जा सकती है लेकिन मैं नहीं कह रहा हूं। इन्हीं की पार्टी के अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य डा. जे.के.जैन जो इन्हीं की पार्टी के संसद सदस्य हैं, वह और उनका टी.वी. आजकल किस-किस तरह की चीजों को उजागर कर रहे हैं, इसका जवाब हमें नहीं देना है। आपको अपनी सरकार को, अपने लोगों को, अपनी पार्टी के लोगों को, जो प्रश्न उठा रहे हैं, उनके सवालों का जवाब देना है। सारे देश की जनता भी उन सवालों के जवाब जानना चाहती है, इसलिए मैं उम्मीद करता हूं कि जब प्रधान मंत्री जी यहां पर इस बहस का उत्तर देने के लिए आएंगे तो मैं अपेक्षा करता हूं कि डा. जैन ने जिन प्रश्नों को उठाया है, वे गंभीर प्रश्न हैं, इस देश के साथ जुड़े हैं, इश देश की सरकार और देश के भविय के साथ जुड़े प्रश्न हैं। सरकार के अंदर जो कुछ हो रहा है, मैं वह तमाम विवरण इसलिए सदन में नहीं देना चाहता हूं कि सदन का समय अनावश्यक रूप से बर्बाद नहीं हो। हम सब लोग जानते हैं कि टी.वी. और अखबारों में कौन-कौन सी चीजें आ रही हैं, हमें उनका जवाब मिलना चहिए। यह देश उनका जवाब जानना चाहता है। बाला साहेब ठाकरे क्या कर रहे हैं, यह मैं नहीं कह रहा हूं, यह कांग्रेस नहीं कह रही है। कांग्रेस कहती तो शायद यह आरोप लगता कि हम राजनैतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए ऐसा कह रहे हैं लेकिन बाला साहेब ठाकरे आपकी पार्टी के समर्थक हैं। तृण मूल कांग्रेस के लोग कहते हैं, मुझे कहने की जरूरत नहीं है। बीजू जनता दल के लोग कहते हैं, यह मुझे कहने की जरूरत नहीं है। ये इन्हीं के अपने सहयोगी दल हैं जो इन सारी बातों की आलोचना कर रहे हैं और सदन में ये सारी बातें रख रहे हैं और सदन के बाहर जनता के बीच में सार्वजनिक रूप से आरोप लगाये जा रहे हैं। इसी कारण यह सरकार आज कटघरे में खड़ी है। प्रधान मंत्री जी आज कटघरे मं खड़े हैं। यह इनकी जवाबदारी बनती है कि इस देश की जनता को उन सारे प्रश्नों के उत्तर साफ-साफ इस सदन के माध्यम से दिये जाने चाहिए।

महोदय, इतना ही नहीं, मैंने इस अभिभााण के बहुत अच्छी तरह से पढ़ा है और इसमें इस सरकार के द्वारा महिलाओं के संबंध में मगरमच्छ के आंसू बहाए गए हैं । इसी संसद के द्वारा विधेयक पारित करने के बाद राट्रीय महिला आयोग का गठन किया गया है । उस आयोग ने अपनी 12 रिपोर्ट्स सरकार के पास भेजी, लेकिन आज तक एक रिपोर्ट के ऊपर इस सरकार ने सदन में चर्चा करना जरूरी नहीं समझा। इस सरकार को कितनी चिन्ता है, यह इससे जाहिर होती है। आज प्रमोद महाजन जी बोल रहे थे, हम चाहते हैं कि महिला आरक्षण ि वधेयक पारित हो जाए । आपके कह देने मात्र से महिला आरक्षण विधेयक पारित हो जाएगा! हम भी चाहते हैं, सब चाहते हैं, तकरीबन आधे से अधिक बल्कि दो-तिहाई से अधिक विपक्ष चाहता है कि महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा हो, बहस हो, बातचीत हो, विचार-विमर्श हो, हमारे भेद-मतभेद हो सकते हैं, कुछ ऐसे दल भी हो सकते हैं, जिनके अपने रिजर्वेशन्स हों और अपनी आशंकायें हों, वे भी इसमें चर्चा करें, बहस करें। लेकिन मैं नहीं समझता हूं कि यह सरकार कतई गम्भीर है, महिलाओं को आरक्षण देने के नाम पर । इस संबंध में हमारी पार्टी ने घोाणायें नहीं की हैं, हमने अपनी पार्टी के अन्दर अमलीकरण शुरू किया है । हमारी पार्टी के संगठन के जो चुनाव हुए हैं, उनमें 33 परसेंट आरक्षण नीचे से लेकर ऊपर तक महिलाओं के लिए पूरे देश के अन्दर कांग्रेस पार्टी के अन्दर, अपनी नेता के नेतृत्व में देने का काम किया है और करके दिखाया है । हमने कोई घोाणायें नहीं की, कोई बहाना नहीं बनाया । हमने इसके प्रतिपादित किया है । कौन सी पार्टी, कौन से लोग वास्तविक नीतियां की बात कहते हैं, जो हम कहते हैं, करके दिखाते हैं, ये सारी बातें इससे स्पट होती हैं ।

महोदय, मजदूरों के बारे में राट्रपति के अभिभााण में बड़ी बातें कही गई हैं और हाल ही में हमने वित्त मंत्री जी का बजट भााण सुना। मजदूरों की हत्या करने वाली यह सरकार है, निरुपित कहा जाए, तो कम कठोर शब्द नहीं होगा । आज तक कानून में प्रावधान था कि कोई भी व्यक्ति अपनी ईकाई में मजदूरों की छंटनी करेगा, तो उसे कारण स्पटीकरण देना पड़ता है, औचित्य प्रतिपादित करना पड़ता है और उसके बाद सरकार की अनुमति के बिना किसी की छंटनी नहीं कर सकता है, लेकिन एक हजार तक की मनमाने तरीके से छंटनी करने का

अधिकार इस सरकार ने बड़े-बड़े उद्योगपतियों के हाथ में दे दिया है । वे जब चाहें, अपने मन के माफिक मजदूरों का शोण करें और जब चाहें उनको बाहर निकाल दें, कोई पूछने का अधिकार नहीं है । इतनी निरंकुश सरकार, जिसने मजदूरों के हितों के साथ इतना बड़ा कुठाराघात किया है, मैं समझता हूं कि आज तक किसी भी सरकार ने नहीं किया होगा । हम सुबह से सुन रहे हैं, दिल्ली के अन्दर तमाम ऐसे युनिट्स हैं, तमाम ऐसे उद्योग हैं, जहां 5-6 लाख मजदूर रोजी-रोटी की छंटनी के कगार पर खड़े हैं, लेकिन सरकार के कान पर जूं नहीं रेंग रही है । यह चरित्र है इस सरकार का, कथनी में कुछ, करनी में कुछ, नीतियों में कुछ और करने में कुछ । यह इस सरकार की हकीकत है ।

महोदय, इस अभिभााण में सीमाओं की सुरक्षा पर बड़ी चिन्ता व्यक्त की गई है । हम तब से और ज्यादा चिन्तित हैं, जब से हमारे ऊपर कारगिल में इस तरह से छुप-छुप कर हमले किए गए । हमारे देश की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है । सैकड़ो हमारे जवानों को शहीद होना पड़ा और अपने प्राणों की आहूति इसलिए दी, क्योंकि हमारी भारतीय सैनाओं की परम्परा है कि उसने कभी भी पीठ पर गोली नहीं खाई है, हमेशा सीने पर गोली खाई है । हम उन जवानों की कुर्बानियों को किसी भी कीमत पर बरबाद नहीं होने देंगे । हम उन्हें सम्मान के साथ याद करेंगे । इस सरकार को एक साल पांच महीने हो गए हैं। सुब्रह्मण्यम समिति की रिपोर्ट को हर सदन में सूची में रखी गई, लेकिन हर बार आखिरी दिन में रख कर इतनी सुविधाजनक तरीके से, होशियारी के साथ रखा गया, जिससे वह चर्चा में आ ही न पाए, क्योंकि खतरा था । अगर उस रिपोर्ट पर तत्काल चर्चा होती, तो बहुत से ऐसे अनुत्तरित प्रश्न जो दिमाग में हैं, उन प्रश्नों का खुलासा होता और सरकार को एकाउन्ट देना पड़ता ।

जनता के सामने उत्तर देना पड़ता है कि आखिर यह स्थिति क्यों निर्मित हुई? इस देश के साथ गफलत हुई है, देश की राट्रीय सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के साथ गफलत हुई है। इस देश के गरीब मजदूरों और महिलाओं के साथ गफलत हो रही है। गरीब लोगों और किसानों के साथ गफलत हो रही है। हर वह शख्स, जिसे सरकारी मदद की सख्त जरूरत है, वह दाने-दाने के लिए मोहताज़ है और जो लोग करोड़ों-अरबों में खेल रहे हैं, वे आज हिन्दुस्तान के मालिक बने बैठे हैं। इससे बड़ा उदाहरण और क्या हो सकता है। मैंने सुना है कि इस देश के प्र ाधान मंत्री के सात सलाहकार अभी हाल में सात नियुक्त किए गए। उन्होंने अपना जो सलाहकार मंडल नियुक्त किया है उसमें देश के सात प्रमुखतम उद्योगपतियों को रखा है। यह इस बात का एक और उदाहरण है कि इस सरकार का चरित्र क्या है, इसकी दिशा क्या है। इतना ही नहीं, मैं आपको और जानकारी भी दे दूं। शायद आपको स्मरण हो कि कुछ दिन पहले ह्यूमन रिसोर्सेस डिपार्टमेंट ने अम्बानी और एक अन्य उद्योगपति से रिपोर्ट मांगी थी कि इस देश की शिक्षा नीति कैसी है।

